28 नवंबर 2026, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 09, अंक - 62
Email-santalexpress20@gmail.com
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकासित

आज का विचार

सफलता की सबसे खास बात है की, वो मेहनत करने वालों पर फ़िदा हो जाती है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस
परवाड़ा समापन

एवं सरकार के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह

28 नवम्बर, 2026 | अपराह्न 12:30 बजे | खेलगांव, रांची









स्थापना दिवस परवाड़ा
15 से 28 नवम्बर, 2026

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



सम्मानित अतिथि

श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री

श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, झारखण्ड

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, झारखण्ड

श्रीमती महुआ माजी
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री आदित्य प्रसाद साहु
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री प्रदीप कुमार वर्मा
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री परिमल नाथवानी
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री राजेश कच्छप
माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा

आयोजित समारोह में
आप सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थित है

PR 394753 (IPRD) 26-27

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड

पूर्व कृषि मंत्री ने किया फिल्म 'दुल्हन सावधान' का प्रमोशन



देवघर। झारखंडी कला, संस्कृति और क्षेत्रीय सिनेमा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थानीय कॉलेज ग्राउंड में युवाओं के बीच भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने क्षेत्रीय फिल्म 'दुल्हन सावधान' का प्रमोशन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा-युवतियों के साथ स्थानीय गणमान्य लोग भी शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान फिल्म के गाने 'हो रीलवा' पर युवाओं ने जमकर रील बनाई और सोशल मीडिया के माध्यम से फिल्म का प्रचार-प्रसार किया। युवाओं में फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने युवाओं से झारखंडी कला, संस्कृति और क्षेत्रीय सिनेमा को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराने की। राज्य की प्रतिभाओं को सही मंच मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।वहीं, कार्यक्रम में उपस्थित नगर निगम के मेयर रवि राउत ने कलाकारों और युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपनी माटी की कला और संस्कृति की अपनी अलग पहचान होती है।

चंदन कुमार युवा आइकॉन के रूप में नामित

साहिबगंज । संविधान दिवस के अवसर पर विकसित भारत युवा संवाद के तहत् साहिबगंज के चंदन कुमार को युवा आइकॉन के रूप में नामित किए जाने पर जिले में हर्ष का माहौल है. यह नामांकन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में किया गया है.इस अवसर पर चंदन कुमार ने कहा कि युवा आइकॉन के रूप में नामित होना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है. यह सम्मान उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा.

वर्ष 2050 तक झारखंड को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने का संकल्प लें : राज्यपाल

संताल एक्सप्रेस



रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास राज्य के भविष्य को मजबूत बनाने के प्रमुख आधार हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगारपरक प्रशिक्षण और ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है। राज्यपाल शुक्रवार को रांची के एक होटल में आयोजित 'झारखंड चर्चा 2026' को संबोधित कर रहे थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए उनके प्रभावी क्रियान्वयन, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और नियमित मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि झारखंड का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। अब गहन आत्ममंथन करते हुए वर्ष 2050 तक राज्य को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इसके लिए विकास का स्पष्ट एवं व्यावहारिक रोडमैप तैयार कर राज्य सरकार को सुझाव देना चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर सभी क्षेत्रों में संतुलित, समावेशी और सतत विकास के लिए प्रयास करना होगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में झारखंड की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध खनिज एवं वन संपदा और गौरवशाली जनजातीय संस्कृति से संपन्न इस राज्य में विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। जरूरत उपलब्ध संसाधनों, स्थानीय कौशल और प्रतिभा का बेहतर उपयोग कर इन संभावनाओं को उपलब्धियों में बदलने की है।राज्यपाल ने कहा कि निवेश, आधुनिक तकनीक और नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ उद्योगों का विकास तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना जरूरी है। प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। पर्यटन के क्षेत्र में जलप्रपातों, पहाड़ियों, वन क्षेत्रों, जनजातीय जीवनशैली, पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर रोजगार एवं आय के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं।उन्होंने कहा कि झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना समग्र विकास की महत्वपूर्ण शर्त है। कृषि एवं पशुपालन, वन आधारित उत्पाद, हस्तशिल्प और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहित कर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाई जा सकती है। विशेष रूप से आदिम जनजातीय समूहों, एकल महिला मुखिया वाले परिवारों और भूमिहीन मजदूरों तक आजीविका के स्थायी अवसर पहुंचाना आवश्यक है।राज्यपाल ने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के बीच विकास से जुड़े अनुभवों और सफल नवाचारों का आदान-प्रदान सभी के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि 'झारखंड चर्चा 2026' में होने वाला विचार-विमर्श राज्य के विकास की भावी दिशा तय करने और वर्ष 2050 के लक्ष्य के अनुरूप व्यावहारिक रोडमैप तैयार करने में सहायक होगा।

मुख्यमंत्री से पत्रकार और लेखक सोमनाथ आर्य व लक्ष्मी कुमारी ने मुलाकात की



संताल एक्सप्रेस रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पत्रकार एवं लेखक डॉ. सोमनाथ आर्य और प्रकाशक संस्था 'और एक प्रयास' की अध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को उनके राजनीतिक जीवन पर लिखी दो पुस्तकें भेंट की। इन पुस्तकों में एक हिन्दी और दूसरी अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है। हिंदी पुस्तक 'हूल से हेमंत तक – आदिवासी अस्मिता, सत्ता और संघर्ष की अनकही दास्तान' और अंग्रेज़ी पुस्तक The Invisible Coup: Hemant Soren, Jharkhand and the Politics of Power का प्रकाशन 'और एक प्रयास' द्वारा किया गया है।

परिमल नाथवानी ने आदिवासी छात्रों से मुलाकात की,छात्रों की सभी समस्याओं का आश्वासन दिया

संताल एक्सप्रेस



रांची । शुक्रवार को परिमल नाथवानी ने आदिवासी छात्रावास , करमटोली के छात्रों से मुलाकात की आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय सांसद से मिलने पहुंचा था इस दौरान करमटोली स्थित यदुवंश आदिवासी कॉलेज छात्रावास के पुस्तकालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। छात्रों ने कहा कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इन सभी सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। छात्रों की सभी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद नाथवानी जी ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान एवं छात्रों को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए जल्द से जल्द पहल की जाएगी।

पश्चिम बंगाल में 120 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले मामले में सीए बरहरवा से गिरफ्तार

संवाददाता

बरहरवा । पड़ोसी राज्य पच्छिम बंगाल मे हुए लगभग 120 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले मामले को लेकर पश्चिम बंगाल की आर्थिक अपराध निदेशालय की टीम बरहरवा पहुंची. आर्थिक अपराध के मामले में आर्थिक अपराध निदेशालय की टीम ने झारखंड के साहिबगंज जिला बरहरवा थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी स्थित सीए के ससुराल में छापामारी कर ससुराल से सीए को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सीए की पहचान 38 वर्षीय जितेश डालमिया कोलकाता के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के बागुईआटी थाना में दर्ज कांड संख्या 298/26 ,दिनांक 04/06/26 के अनुसंधान के क्रम में आर्थिक अपराध निदेशालय की टीम झारखंड के साहिबगंज जिला बरहरवा पहुंची थी. यहां बरहरवा थाना के पुलिसकर्मियों के सहयोग से आरोपी के ससुराल में छापेमारी की. जहां से उसे दोपहर 2-35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया.वही गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पश्चिम बंगाल ले जाया गया है. जहां उसे कोर्ट मे पेस किया जायेगा.

एमानुएल किस्कू ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

साहिबगंज । 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 80 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर दुमका लौटने पर दुमका लोकसभा के सांसद नलिन सोरेन ने अपने आवास पर एमानुएल किस्कू को अंग वस्त्र एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया. इस मौके पर सांसद की धर्म पत्नि जॉयस लुपसी बेसरा भी उपस्थित थी.ज्ञातव्य हो एमानुएल किस्कू दुमका के शिकारी पाड़ा प्रखंड अंतर्गत चांदपुर मलूटी निवासी है.उल्लेखनीय है कि 23 से 27 अक्टूबर तक तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था. इस प्रतियोगिता में खेल विभाग झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा स्थानीय सिदो-कान्हू स्टेडियम में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र साहिबगंज के प्रशिक्षु तथा राजस्थान इंटर विद्यालय के छात्र एमानुएल किस्कू ने 80 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया.

बरहेट में स्थापना दिवस पखवाड़ा पर कार्यक्रम

बरहेट। झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर बरहेट प्रखंड में शुक्रवार को सरकारी योजनाओं से जुड़े लाभुकों के लिए विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी, मुजीबुर रहमान एवं बीडीओ अंशु कुमार पांडे की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई.समारोह में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेएसएलपीएस के 90 सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज तथा 115 मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के चेक प्रदान किए गए. किसानों के बीच मसूर, सरसों और गेहूं के बीज बांटे गए. वीभी-जी राम जी योजना के पांच मजदूरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. वहीं पशुधन विकास योजना के लाभुकों को परिसंपत्तियां और दो पेंशनधारियों को स्वीकृति पत्र दिए गए.अबुआ आवास के गोपाल बेसरा और गीता देवी को गृह प्रवेश के लिए चाबी व उपहार मिले. रांची में आयोजित स्थापना दिवस समारोह के लिए सखी मंडल की दीदियों को भी रवाना किया गया.

झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम

राजमहल। राजमहल प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत् परिसंपत्ति वितरण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो मारूफ, प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ,जिला परिषद सदस्य मो बारीक , प्रखंड अध्यक्ष मो अनिसुर रहमान, देवेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. शिविर में आये लोगों को संबोधित करते हुए मो मारूफ ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना जन जन तक पहुंचे.ये सभी पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि सुनिश्चित करें. जो योग्य लाभुक वो उन्हें उनके हक का लाभ मिले. जिससे उन्हें कोई परेशानी हो और वो अपना गुजर बसर अच्छे से कर पाएं .इस दौरान जिला परिषद सदस्य मो बारीक ने भी लोगों को संबोधित किया.शिविर में मुख्य रूप से भूमि संरक्षण विभाग के तहत ट्रैक्टर वितरण, कृषि विभाग की ओर से बीच वितरण, पंप सेट का वितरण, छात्रवृत्ति के तहत 1 करोड़ 54 लाख का चेक, उत्कृष्ट कार्य हेतु क्लस्टर कॉर्डिनेटर को शिल्ड ,आवास लाभुक का प्रशस्ति पत्र पौधा, लाभुक को स्वीकृति पत्र, प्रशस्ति पत्र, अन्न परासन , व्हील चेयर, बच्चों के बीच साइकिल वितरण, केसीसी लोन का चेक वितरण किया गया. इस दौरान मंच संचालन अभिजीत कुमार ने किया. मौके पर बीपीओ श्वेता, गगन बापू, पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विवेक कुमार, अंचल निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रखंड नज़ीर प्रमोद कुमार, मो सोहर वर्दी , रवि कांत रवि ,के बीपीएम राजेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

स्कॉर्पियो और पिकअप वैन में भिड़ंत, दो घायल

साहिबगंज। साहिबगंज जिले के बरहेट-बोरियो मुख्य सड़क पर शुक्रवार को स्कॉर्पियो व पिकअप वैन के बीच हुई आमने-सामने जोरदार भिड़ंत की घटना में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गया. दुर्घटना में दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए.मिली जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन संख्या जेएच 04 एजी 4689 साहिबगंज से दुमका की ओर जा रहा था. पिकअप वैन संख्या डब्लू बी 57 बी 0109 बरहेट से साहिबगंज की ओर जा रही थी. इसी दौरान ब्लॉक मोड़ के समीप पिकअप वैन का संतुलन बिगड़ने से दोनों वाहनों के आमने-सामने से भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गया.घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दुर्घटना की जानकारी लेते हुए स्थिति का जायजा ली. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

15 दिसंबर से घर बैठे होगी खाद की ऑनलाइन बुकिंग

संताल एक्सप्रेस

दुमका। जिले के किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से कन्वेंशन सेंटर दुमका में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2026 सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। झारखंड राज्य स्थापना पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, संयुक्त कृषि निदेशक सहजानंद सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कम लागत में अधिक उत्पादन ही हमारा लक्ष्य- डीडीसी

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़ना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, फसल बीमा और जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेती के पारंपरिक तरीकों में वैज्ञानिक बदलाव लाकर किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

15 दिसंबर से शुरू होगी खाद की नई ऑनलाइन व्यवस्था

जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने किसानों को एक बड़ी राहत की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 दिसंबर से जिले में उर्वरक वितरण की नई ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने जा रही है। इसके तहत किसान घर बैठे खाद की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग होने के बाद अगले तीन दिनों तक संबंधित किसान के नाम से खाद आरक्षित रहेगी, जिससे खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों को भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा उन्होंने मिट्टी जांच, किसान समृद्धि, बिरसा फसल विस्तार और मिलेट मिशन जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा रांची में बोकारो के स्टॉल पर उमड़ी भीड़

संताल एक्सप्रेस

रांची । रांची के खेलगांव स्थित हॉल-बी में झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में बोकारो जिले का स्टॉल आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे विजिटर्स बोकारो के स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक कारीगरी एवं उद्यमिता से जुड़ी सामग्रियों में विशेष रुचि दिखा रहे हैं।स्टॉल में प्रदर्शित आयरन क्लस्टर के वेंडर्स द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के औजारों एवं कृषि कार्यों में उपयोगी उपकरणों को देखने के साथ ही लोग इनके उपयोग, गुणवत्ता एवं विशेषताओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। कई आगंतुक इन उत्पादों की खरीदारी भी कर रहे हैं।वहीं, स्टॉल में लगी एलईडी स्क्रीन पर वन डिस्ट्रिक्ट, वन डेस्टिनेशन के तहत बोकारो के राजकीय महोत्सव लुगुबुरु से संबंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें लुगुबुरु की ऐतिहासिकता, समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक महत्ता को दर्शाया गया है। आगंतुक इस वीडियो फिल्म को काफी उत्सुकता के साथ देख रहे हैं।

प्रदर्शनी के माध्यम से एक ओर जहां बोकारो के स्थानीय उत्पादों एवं उद्यमियों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी पहचान को राज्य स्तर पर प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं स्टॉल के समन्वय में उपनिदेशक पीआरडी श्री रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून एवं डीपीएम, जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग की अहम भूमिका रही। साथ ही, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

बाबूलाल मरांडी ने पत्रकार अभिषेक भारती के साथ पुलिस प्रताड़ना के आरोपों पर जताई चिंता



रांची। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े नाबालिग युवती के कथित यौन शोषण मामले को उजागर करने वाले पत्रकार अभिषेक भारती के साथ पुलिस हिरासत में कथित बर्बरता और प्रताड़ना के मामले पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मामले का स्वतः संज्ञान लेकर अपनी निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सिमडेगा के कुछ स्थानीय लोगों ने पत्रकार अभिषेक भारती के साथ पुलिसिया बर्बरता की जो जानकारी दी है, वह बेहद गंभीर और विचलित करने वाली है। आरोप है कि पाकरटांड़ थाना पुलिस ने अभिषेक पर अदालत में मनचाहा बयान देने का दबाव बनाया और इसके लिए घंटों उनकी पिटाई की। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें मिली जानकारी की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।मरांडी ने कहा कि अभिषेक की हालत को देखते हुए उनकी पहली मांग है कि उन्हें समुचित इलाज उपलब्ध कराया जाए और वे बिना किसी पुलिस दबाव के न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष अपनी बात रख सकें। मिली जानकारी के अनुसार, 26 नवंबर की रात से 27 नवंबर को अपराह्न करीब तीन बजे तक अभिषेक के साथ रुक-रुककर मारपीट की गई। आरोप है कि उनके तलवों पर बार-बार लाठियां मारी गईं, उंगलियों के बीच पेंसिल फंसाकर दोनों हाथों पर प्रहार किए गए और उन्हें मुंह के बल लिटाकर पीटा गया। इस दौरान उनसे बार-बार कहा गया कि अदालत में वही बयान देना है, जो पुलिस उनसे कहेगी।

10 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति ने समाहरणालय के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस



साहिबगंज। अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति के बैनर तले अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन महासचिव शिव चरण मालतो की अध्यक्षता में किया गया. धरना-प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में आदिम जनजाति समुदाय के महिला एवं पुरुष शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आदिम जनजाति समुदाय की भाषा,संस्कृति, सामाजिक पहचान,शिक्षा,रोजगार और आर्थिक उत्थान से जुड़ी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पूरा करने की अपील की.धरना-प्रदर्शन के उपरांत महामहिम राष्ट्रपति के नाम 10 सूत्री मांग पत्र डीसी को सौंपा. धरना-प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए महासचिव शिव चरण मालतो ने कहा कि आदिम जनजाति समुदाय आज भी कई सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक चुनौतियों का सामना कर रहा है. समिति की प्रमुख मांगों में मालतो भाषा एवं माल पहाड़िया भाषा को झारखंड की जनजातीय राज्य भाषा के रूप में शामिल करना,आदिम जनजाति समुदाय के लिए 2 प्रतिशत आरक्षण लागू करना तथा आदिम जनजाति महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत् प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता सुनिश्चित करना शामिल है.उधरना-प्रदर्शन के माध्यम से समिति ने सरकार और प्रशासन का ध्यान आदिम जनजाति समुदाय की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया.साथ ही मांग की गई कि 10 सूत्री मांग पत्र पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए इनके समाधान की दिशा में जल्द पहल की जाए.अन्यथा बाध्य होकर समिति चरणबद्ध आंदोलन करेगी.इस अवसर पर समिति के महासचिव शिव चरण मालतो,उपाध्यक्ष बैजनाथ पहाड़िया,संयुक्त सचिव डेविड मालतो सोमरा पहाड़िया,मारकुस मालतो,मैसा पहाड़िया,सुंदरा पहाड़िया,महेश पहाड़िया,एस के पहाड़िया,हरजा पहाड़िया,धर्म देव पहाड़िया,फागु पहाड़िया,चामा पहाड़िया,देवदास मालतो सहित कई पहाड़िया समुदाय के लोग मौजूद थे.

एडीसी सदस्यों की बैठक में आपसी समन्वय से संचालन पर बनी सहमति

साहिबगंज । बरहेट प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएसडी हाईस्कूल मैदान में आदिवासी डेवलपमेंट क्लब के सदस्यों की बैठक एडीसी के पूर्व कोषाध्यक्ष सह सचिव पुसा टुडू की अध्यक्षता में हुई.बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नाड मरांडी और प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान शामिल हुए.बैठक का मुख्य उद्देश्य एडीसी की गतिविधियों और संगठन के संचालन को लेकर सदस्यों के बीच विचार-विमर्श करना था. इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों से अलग-अलग सुझाव लिए गए. संगठन को सुचारू रूप से चलाने और आपसी मतभेदों से दूर रहकर सामूहिक रूप से कार्य करने पर चर्चा की गई. अंततः सभी सदस्यों ने सहमति जताई कि एडीसी का संचालन आपसी सहयोग, भाईचारे और एकजुटता के साथ किया जाएगा.इस अवसर पर बाबूलाल सोरेन, लखीराम सोरेन, जिसु मरांडी, सुनील सोरेन, सुनील मरांडी, रमेश मुर्मू, शाम हेंब्रम, मरांग हेंब्रम, लखीराम हेंब्रम, सूनिराम हांसदा, समदा सोरेन , सुनील किस्कू सहित अन्य लोग मौजूद थे.

सफाई मित्रों को दी गई लैंगिक समानता व सामाजिक समावेशन पर प्रशिक्षण

राजमहल। नगर पंचायत राजमहल में शुक्रवार को सभी सफाई मित्रों के लिए लैंगिक समानता एवं सामाजिक समावेशन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन के नेतृत्व में किया गया. प्रशिक्षण में नगर पंचायत के सभी सफाई मित्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की.प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर प्रबंधक विरेश कुमार एवं कनीय अभियंता जितेश कुमार चौधरी ने सफाई मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया. इस दौरान लैंगिक समानता, सामाजिक समावेशन, महिला एवं पुरुष के बीच समानता, एक-दूसरे के प्रति सम्मान तथा कार्यस्थल पर भेदभाव रहित व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई. सफाई मित्रों को यह भी समझाया गया कि कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार करना, उनकी गरिमा का सम्मान करना और आपसी सहयोग की भावना बनाए रखना आवश्यक है.प्रशिक्षण के दौरान सफाई मित्रों ने विषयों को ध्यानपूर्वक समझा तथा अपनी सहभागिता के माध्यम से कार्यक्रम को प्रभावी बनाया.

पहाड़िया में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

साहिबगंज । जिले के पहाड़िया बहुल गांवों में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अब आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है.इसी को लेकर गुरुवार को देवाना पहाड़ एवं घोघरहिया गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को बैठक किया.बैठक में गांव तक सड़क निर्माण कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.ग्रामीणों ने आपसी सहमति से सड़क निर्माण का प्रस्ताव पारित करते हुए डीसी दीपक कुमार दुबे को आवेदन सौंपकर जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है.ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी गांव के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं.खासकर सड़क के अभाव में ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.सड़क नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है.वहीं ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है.आवेदन में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण के लिए पहाड़िया ग्रामीण अपनी सहमति दे रहे हैं.उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि ग्रामीणों की सहमति को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराई जाए.ताकि गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके.ग्रामीणों ने डीसी से इस मामले में पहल करते हुए सड़क निर्माण कराने की मांग की है.

एक आरोपी को किया गिरफ्तार

साहिबगंज । गंगा नदी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा के रहने वाले 60 वर्षीय सुरेश यादव को मोटरसाइकिल से धक्का मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने के मामले में आरोपी विजय यादव को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 21 नवंबर 2026 की है. सुरेश यादव अपने खेत से पैदल घर लौट रहे थे. इसी दौरान डीभीएल पुल के नीचे एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार कर घायल कर दिया था.मामले को लेकर घायल सुरेश यादव ने थाना में दिये आवेदन में विजय यादव पर जानबूझकर मोटरसाइकिल से धक्का मारने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था.आवेदन के अनुसार घटना के दौरान टोटो चालक उत्तम यादव मौके पर पहुंचे ।

साहिबगंज में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त

साहिबगंज। अवैध लकड़ी के परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने मंडरो रेंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है.जानकारी के अनुसार डिहारी से मिर्जाचौकी स्थित आरा मिल की ओर जा रहे एक ट्रैक्टर को हाजीपुर मोड़ के आगे रोककर जांच की गई. ट्रैक्टर पर अवैध रूप से काटी गई जलेबी लकड़ी के बोटा लदे हुए थे.वन विभाग की टीम ने लकड़ी सहित स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर को जब्त कर वन प्रमंडल कार्यालय साहिबगंज लाया. जब्त लकड़ी एवं वाहन के संबंध में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है.इस कार्रवाई का नेतृत्व मंडरो मिर्जाचौकी क्षेत्र के उप वन परिसर पदाधिकारी अंकित कुमार झा ने किया.

बाल विवाह के उन्मूलन और नशा मुक्त भारत अभियान पर कार्यशाला

साहिबगंज। जिला मुख्यालय अंतर्गत सिदो कान्हू सभागार में बाल विवाह, कम उम्र में विवाह और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस एवं नशा मुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डीसी दीपक कुमार दुबे के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास, पुलिस उपाधीक्षक, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रचाय महाविद्यालय साहिबगंज,एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सीडीपीओ,थाना प्रभारी, पंचायत सचिव,लेडी सुपरवाइजर, सेविका,आशा कार्यकर्ता, सहिया, मौजूद थे.वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि कार्यशाला का दो मकसद है पहले बाल विवाह मुक्त साहिबगंज बनाने का उद्देश्य की उसके प्रावधानों को जाने बाल विवाह के विरुद्ध जो प्रावधान है.उसको जाने और उसको इंप्लीमेंट करने में अपना सभी कोई रोल प्ले करें. दूसरा मादक द्रव्यों के सेवन का स्वास्थ्य पर जो दुष्प्रभाव पड़ता है उसे सभी को अवगत कारण और इन दोनों के संबंध में जो संदेश है उसे समाज में सभी व्यक्तियों तक ले जाएं.

विद्यालय कला

28 नवंबर 2026, शनिवार
मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 09, अंक - 62
Email-santalexpress20@gmail.com
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकासित

आज का विचार

जिंदगी एक आईना है,
जितना मुस्कुराओगे, उतना
ही खूबसूरत दिखेगा।

पहले झारखंडियों को मिलेगा उनका हक-अधिकार फिर दूसरे राज्यों के लोगों पर होगा विचार : हेमंत

दादा सोबरन मांझी के 69वें शहादत दिवस पर लुकैयाटांड़ पहुंचे मुख्यमंत्री

● 111 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

संवाददाता

रामगढ़ । झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को अपने दादा और झारखंड आंदोलन के प्रेरणास्रोत सोबरन मांझी के 69वें शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंचे। यहां लुकैयाटांड़ स्थित ऐतिहासिक शहादत स्थल पर उन्होंने सोबरन मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गांडेय विधायक एवं मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी मौजूद थीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने रामगढ़ जिले को करीब 111 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष शोक का समय है, इसलिए इस बार आयोजन बेहद सादगी के साथ किया जा रहा है। अगले वर्ष इसे बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। उन्होंने अपने संबोधन में झारखंड के अधिकार,



आदिवासी-मूलवासी अस्मिता और अलग राज्य के लिए हुए संघर्ष को प्रमुखता से उठाया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि लुकैयाटांड़ की यह ऐतिहासिक धरती ऐसे बलिदान की साक्षी है, जिसकी गूंज ने झारखंड के सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष को नई दिशा दी। 69 वर्ष पहले इसी दिन घने जंगलों में सामंती सोच रखने वाले लोगों ने शिक्षक सोबरन मांझी की हत्या कर दी थी। उस समय घटना को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन धीरे-धीरे उनकी शहादत की गूंज पूरे क्षेत्र में फैल गई। यही चिंगारी आगे चलकर बड़े आंदोलन की प्रेरणा बनी।
उन्होंने कहा कि सोबरन मांझी की शहादत ने आदिवासी-मूलवासी समाज को अन्याय और शोषण के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा दी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी इस संघर्ष की अलख लंबे समय तक जीवित रखी। अलग झारखंड राज्य के निर्माण का सफर आसान नहीं था। गिरिडीह, धनबाद, टुंडी, कोल्हान, छोटानागपुर और संथाल परगना सहित राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया और बलिदान दिया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस अलग राज्य की मांग को कभी असंभव बताकर खारिज किया जाता था, उसका निर्माण आदिवासी-मूलवासी और गरीब-गुरबों के संघर्ष से संभव हुआ।
मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर राज्य के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के राजस्व स्रोतों को बाधित किया जा रहा है। राज्य सरकार अपने संसाधनों से खजाना मजबूत कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाना चाहती है, लेकिन इसमें कई चुनौतियां सामने आ रही हैं। इसके बावजूद झारखंड अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगा।
उन्होंने कहा, अब वह झारखंड नहीं है, जहां दूसरे राज्यों से लोग आकर यहां के लोगों का शोषण करें। पहले झारखंडियों को उनका पूरा हक और अधिकार मिलेगा, उसके बाद ही दूसरे राज्यों के लोगों के बारे में विचार किया जाएगा।

कैबिनेट का फैसला : लोकसभा सीटें 50 प्रतिशत बढ़ाने को मंजूरी



एजेंसी

नई दिल्ली । संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसी को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सेवातीर्थ में विशेष केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई।
सूत्रों के मुताबिक बैठक में परिसीमन विधेयक को मंजूरी दी गई है। इसके तहत सभी राज्यों में लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, विधेयक में सीटों के पुनर्निर्धारण के लिए साल 2011 की जनगणना को आधार बनाने का प्रावधान किया गया है।
सूत्रों के अनुसार, प्रस्ताव का उद्देश्य परिसीमन के बाद किसी भी राज्य की राजनीतिक हिस्सेदारी कम होने की आशंका को दूर करना है। इसके साथ ही राज्यों के बीच लोकसभा सीटों के मौजूदा अनुपात को वर्ष 2051 तक स्थिर रखने का प्रस्ताव भी किया जा सकता है।
इस प्रस्ताव को महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इसके जरिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ हो सकता है।
उल्लेखनीय है कि 30 नवंबर से लोकसभा और 2 दिसंबर से राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होगी। 3 दिसंबर को सत्रावसान होगा।
लोकसभा सीटों में 50त्न बढ़ोतरी के प्रस्ताव शुक्रवार को कैबिनेट ने मंजूर कर दिया। लोकसभा में अभी 543 सीटें हैं। 50प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद ये 815 हो जाएंगी। यानी 272 सीटें बढ़ेंगी।
कई राज्यों में 50प्रतिशत के हिसाब से आधी सीट बढ़ रही है। ऐसे में अगला पूर्णांक गिना जा सकता है। तब बढ़ने वाली सीटें 281 होंगी और कुल सीटें 824 हो जाएंगी।
बढ़ाई गई सभी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। कुल सीटों की यह संख्या अगले 25 साल तक नहीं बदलेगी।

संक्षिप्त खबरें

बिहार के बालू घोटाले में झारखंड तक पहुंची जांच

चतरा । बिहार में हुए चर्चित बालू घोटाले की जांच का दायरा झारखंड तक पहुंच गया है। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने शुक्रवार को झारखंड के चतरा जिले में तीन लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दायरे में अरुण सिंह, प्रेम सिंह और ठेकेदार शक्ति सिंह शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिहार ईओयू की टीम बालू घोटाले की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर चतरा पहुंची। टीम सिंह बंधुओं से जुड़े ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही है। गोसाईडीह में प्रेम सिंह के ठिकाने के अलावा नागर में अरुण सिंह और शक्ति सिंह के कार्यालयों एवं आवासों पर छापेमारी जारी है। अरुण सिंह, प्रेम सिंह और शक्ति सिंह आपस में करीबी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जांच एजेंसी इन ठिकानों से बालू कारोबार और कथित घोटाले से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य साक्ष्य जुटा रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार में बालू के अवैध कारोबार और उससे जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई कर रही है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद्द की ऋतब्रत बनर्जी की नेता प्रतिपक्ष नियुक्ति

कोलकाता । पश्चिम बंगाल विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष बनाने का फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने इस नियुक्ति को सही प्रक्रिया के अनुरूप नहीं माना है। इसी के साथ विधानसभा अध्यक्ष को दोबारा विचार कर कारणों के साथ नया आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को इस मामले का जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया था। हालांकि, उपलब्ध रिपोर्टों में शुक्रवार को सुनाए गए अंतिम फैसले की पुष्टि नहीं मिली है। इसलिए इस अपडेट को प्रकाशित करने से पहले आदेश की पुष्टि करना जरूरी है। पहले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने रितब्रत की नियुक्ति को अंतरिम माना था।

आरटीआई केवल उपलब्ध सार्वजनिक रिकॉर्ड तक ही सीमित है : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत जानकारी पाने का अधिकार केवल उन्हीं रिकॉर्ड्स और सूचनाओं तक सीमित है, जो किसी सार्वजनिक प्राधिकरण के पास मौजूद हैं या उसके नियंत्रण में हैं। जस्टिस अमित महाजन की पीठ ने आज कहा कि यदि कोई आवेदक विभाग द्वारा आरटीआई के तहत दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं है तो केवल इस असंतुष्टि के आधार पर अदालती कार्यवाही को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। कोर्ट ने यह टिप्पणी सुनील भसीन नामक याचिकाकर्ता की याचिका का निपटारा करते हुए की।

जेपीएससी की परीक्षाओं को रद्द करने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित



संवाददाता

रांची । जेपीएससी की ओर से आयोजित चार परीक्षाओं को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई शुक्रवार को संयुक्त रूप से झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। इस मामले में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।
जिन चार नियुक्ति परीक्षाओं को रद्द करने के मामले में आज सुनवाई हुई, उनमें 14वीं जेपीएससी, एपीओ, एफआरओ और एसीएफ की परीक्षा शामिल है। राज्य सरकार ने 18 अगस्त को अधिसूचना जारी कर इन परीक्षाओं को रद्द कर दिया था। एफआरओ और एसीएफ परीक्षा नियुक्ति रद्द करने मामले में प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि उनकी लिखित परीक्षा हो चुकी है, फिजिकल परीक्षा आयोजित की जानी थी। परीक्षा की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई थी। ऐसे में उनकी परीक्षाओं को रद्द करना अनुचित है।

ईडी को मैनेज करने का मामला : हाईकोर्ट ने सरकार के जवाब का प्रति उत्तर देने के लिए ईडी को दिया समय

रांची (संवाददाता) । ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपए के लेन-देन मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग वाली ईडी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब का प्रति उत्तर देने के लिए ईडी को समय दिया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 दिसंबर को होगी। ईडी की ओर से एएसजीआई एस. वी. राजू, वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास एवं अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा।कोर्ट ने इस मामले में दर्ज एफआईआर की पुलिस जांच पर पूर्व की रोक को बरकरार रखने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को भी सुरक्षित रखने के आदेश को बरकरार रखा है। पूर्व में हाइकोर्ट ने पंडरा ओपी और सुखदेव नगर पुलिस थाना में दर्ज एफआईआर की पुलिस जांच पर रोक लगाई थी। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को संबंधित थाना में लगे सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने को कहा था।बता दें कि ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आशंका जताई है कि पंडरा ओपी और सुखदेव नगर थाना में दर्ज केस में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों को रांची पुलिस फंसा सकती है।

दुमका से एसबीआई के पूर्व मैनेजर 93 लाख के फर्जी लेनदेन के आरोप में गिरफ्तार

संवाददाता

दुमका । छत्तीसगढ़ के कोरबा में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक रहते करीब 93 लाख रुपए के संदिग्ध लेनदेन के मामले में आरोपित सुनील कुमार झा को छत्तीसगढ़ एसीबी की टीम ने शुक्रवार को दुमका से गिरफ्तार किया। नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर मुहल्ले स्थित उनके आवास पर पहुंची एसीबी की टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद टीम उन्हें अपने साथ छत्तीसगढ़ ले गई। आरोपित के खिलाफ वर्ष 2020 में कोरबा में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। जानकारी के अनुसार मामला उस समय का है, जब सुनील कुमार झा एक जून 2018 से एक अगस्त 2019 तक कोरबा जिले में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में मुख्य



शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने अपने पद और बैंकिंग अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए कई खातों के माध्यम से संदिग्ध लेनदेन किया। जांच में सामने आए आरोपों के मुताबिक, खुद और अपनी पत्नी के नाम के अलावा वाहन चालकों और अन्य लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए गए। इन खातों के जरिए करीब 93 लाख रुपए का लेनदेन किया गया। आरोप लगाया गया है कि बैंकिंग प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए फर्जी वाउचर और दस्तावेजों के सहारे रकम का स्थानांतरण किया गया। इससे बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचा। मामले में भारतीय दंड संहिता के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार झा दुमका के रसिकपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस : राहुल गांधी

एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को लेकर कांग्रेस का रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि संसद में विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या हो या नहीं, कांग्रेस इस विधेयक का विरोध करेगी। अगले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में परिसीमन का मुद्दा प्रमुखता से उठने की संभावना है। केंद्र सरकार इस विधेयक को नए स्वरूप में पेश करने की तैयारी कर रही है।
शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय रणनीति समिति की बैठक पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास पर हुई। बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसदों ने हिस्सा लिया। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि परिसीमन विधेयक का विरोध करना पार्टी का स्पष्ट फैसला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस विधेयक को दोबारा ला रही है।
कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बैठक के बाद पार्टी की मांगें सामने रखीं। उन्होंने कहा कि लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या बरकरार रखी जाए, वर्तमान



सीटों के आधार पर ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए और अगले 25 वर्षों तक लोकसभा में विभिन्न राज्यों की सीटों का मौजूदा अनुपात कायम रखा जाए।
गौरव गोगोई ने परिसीमन के जरिए महिला आरक्षण लागू करने की जरूरत पर भी सवाल उठाया। उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि संस्था की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल हैं।
कांग्रेस ने शनिवार को संसदीय रणनीति पर चर्चा के लिए एक और बैठक बुलाने की बात कही है। वहीं, केंद्र सरकार अगले सप्ताह 30 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावों को आगे बढ़ा सकती है।

पूर्व सीजेआई गवई ने जजों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रपति को पत्र लिखा

बोले- एक समुदाय को प्राथमिकता मिल रही, एससी-एसटी का प्रतिनिधित्व घटा

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेटर लिखकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल की नियुक्तियों में एक खास समुदाय को ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। गवई ने कहा कि इससे एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं को जज बनने के मौके कम मिल रहे हैं। उन्होंने जजों के ट्रांसफर के फैसलों पर भी सवाल उठाए हैं।
गवई ने लेटर में बताया कि 2018 से अब तक हाईकोर्ट में 715 जज नियुक्त हुए हैं। इनमें सिर्फ 22 एससी, 16 एसटी, 89 ओबीसी और 37 अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। उनके मुताबिक, करीब 75 प्रतिशत जज सामान्य वर्ग से नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि जनवरी 2021 से जनवरी 2026 के बीच



हाईकोर्ट में हुई नियुक्तियों में सामान्य वर्ग की हिस्सेदारी करीब 80 प्रतिशत रही। वहीं, देश की आबादी में 40 से 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले ओबीसी समुदाय को 14 प्रतिशत से भी कम पद मिले।
गवई ने लेटर में जजों के ट्रांसफर के दो उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि एक जज को उनके मूल हाईकोर्ट से दूसरे हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया गया। इसके पीछे सजा देने जैसी वजह बताई गई, लेकिन बाद में उन्हें एक बड़े और प्रमुख हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बना दिया गया। दूसरे मामले में एक बड़े हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को छोटे हाईकोर्ट में भेज दिया गया। वहीं, छोटे हाईकोर्ट के एक मेहनती चीफ जस्टिस को बड़े हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया।
गवई ने सवाल उठाया कि इन फैसलों में योग्यता को किस आधार पर देखा गया।
गवई ने लिखा कि संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं, लेकिन नामों की सिफारिश में जजों की नियुक्ति करने वाली समिति की अहम भूमिका होती है। इसके बावजूद समिति यानी कॉलेजियम पर कामकाज की जवाबदेही तय नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में सभी वर्गों को उचित जगह देना सिर्फ इस समिति की नहीं, बल्कि सरकार और संसद की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पहले भी सरकार और संसद ने समिति से वंचित वर्गों के लोगों को जज बनाने के लिए नामों पर विचार करने को कहा था।

नवजात की मौत से मचा हड़कंप गलत टीका लगाने का आरोप

शव सड़क पर रखकर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग किया जाम

संवाददाता

कोडरमा । जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के माथाडीह वार्ड नंबर तीन में 36 दिन के नवजात की मौत के बाद शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजनों ने आंगनबाड़ी केंद्र की एएनएम रिंकी देवी पर निर्धारित उम्र से पहले गलत टीका लगाने का गंभीर आरोप लगाते हुए शहीद चौक पर नवजात का शव सड़क पर रखकर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग जाम कर दिया।
इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया। परिजनों के अनुसार, गुरुवार को माथाडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण अभियान चल रहा था, जहां बच्चे की मां रूपा देवी को भी बुलाया गया था। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने बच्चे की उम्र कम होने का हवाला देते हुए टीका लगाने से मना किया, लेकिन इसके बावजूद एएनएम ने उसे चार टीके लगा दिए।



परिजनों का दावा है कि 45 दिन की उम्र में दिए जाने वाले टीके 36 दिन के बच्चे को लगा दिए गए, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और शुक्रवार तड़के उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चा पप्पू कुमार का इकलौता पुत्र था। उसे पहले से दो पुत्री भी है। मासूम की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने संबंधित एएनएम को बर्खास्त करने और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची डोमचांच पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया। हालांकि, टीकाकरण में कथित लापरवाही और बच्चे की मौत के बीच संबंध की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

देवघर पहुंचे ईशान किशन, बाबा बैद्यनाथ के दरबार में टेका मत्था, वैभव सूर्यवंशी को बताया स्पेशल टैलेंट

संवाददाता

देवघर । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर और विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले ईशान किशन इस दौरान पूरी तरह भक्ति के रंग में नजर आए। बाबा मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद ईशान किशन ने अपनी धार्मिक आस्था साझा करते हुए कहा कि जब



भी जीवन में कोई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल करना होता है या किसी बड़े उद्देश्य की ओर कदम बढ़ाना होता है, तो वह बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद लेने जरूर पहुंचते हैं। बाबा के प्रति उनकी गहरी आस्था है और यहां आकर उन्हें विशेष आध्यात्मिक अनुभूति होती है। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और सफलता की कामना की।
इस दौरान ईशान किशन ने बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा की भी जमकर सराहना की। उन्होंने वैभव को स्पेशल टैलेंट बताते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में जिस तरह वह मैदान पर उतरकर बड़े-बड़े गेंदबाजों का सामना कर रहा है, वह असाधारण है। उसकी बल्लेबाजी में बेखौफ अंदाज और जबरदस्त आत्मविश्वास नजर आता है। उन्होंने कहा कि वैभव आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट का भविष्य बन सकता है। इतनी कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

झारखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ा

72 घंटे में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री तक गिरा

संवाददाता

रांची । झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 72 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में लगातार गिरावट से राज्यभर में कनकनी और ठिठुरन बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस किया जा रहा है। मंगलवार को रांची का न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को घटकर 9.8 डिग्री पर पहुंच गया। इसी तरह जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री से गिरकर 15.1 डिग्री, डाल्टनगंज में 18.3 डिग्री से घटकर 11.6 डिग्री और बोकारो में 17.2 डिग्री से गिरकर 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चाईबासा में भी न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री से घटकर 12.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है।
विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में रांची और आसपास के इलाकों में सुबह के समय हल्का कुहासा छा सकता है। इसके बाद आसमान साफ रहने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह हल्का कुहासा छाया रहा। हालांकि, बाद में मौसम साफ हो गया, लेकिन दिनभर ठंड का असर बना रहा। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मतदाता सूची विवाद राष्ट्रव्यापी आंदोलन बना?

संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को देशभर में चुनावी पारदर्शिता और मताधिकार की रक्षा को लेकर जिस तरह विरोध प्रदर्शनों का आयोजन हुआ, उसने भारतीय राजनीति में एक नए तूफान को जन्म दिया है। अब तक विपक्षी दल और विभिन्न सामाजिक संगठन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग कर रहे थे। अब इस आंदोलन में एक नई और बड़ी मांग जुड़ गई है। यह मांग है, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को तत्काल रद्द करने और पुरानी मतदाता सूची को बहाल करने की है। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने संविधान दिवस पर संविधान बचाओ और वोट चोरी के आरोपों के साथ देशव्यापी प्रदर्शन आयोजित किए। दिल्ली, लखनऊ, नागपुर, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों में सफल विरोध कार्यक्रम हुए। आंदोलन में सामाजिक संगठनों, युवाओं और नागरिक अधिकार समूहों की भागीदारी बड़ी संख्या मे देखने को मिली। विपक्ष का आरोप है, मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया से बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदान सूची से अलग कर दिए गए हैं, जिसके कारण चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए। 13 करोड़ से अधिक नाम हटने का विवाद अब चरम स्तर पर पहुंच गया है। एसआईआर को लेकर सबसे बड़ा सवाल मतदाता सूची से हटाए गए नामों को लेकर है। सितंबर 2026 में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से लगभग 13.37 करोड़ नाम कम हुए हैं। यह संख्या पहले से दर्ज मतदाताओं का करीब 14.1 प्रतिशत है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है, प्रारूप सूची से हटाए गए सभी नाम स्थायी रूप से काटे गए हैं। सभी वास्तविक मतदाता थे? ऐसा निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। फिर भी बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनाव में जो मतदाता हटाए गए थे उनकी संख्या बड़ी मात्रा में है, जिसके कारण चुनाव आयोग निशाने पर है। इतने बड़े पैमाने पर नामों का कम होना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। विपक्ष की मांग है, 2024 अथवा 2025 की पूर्ववर्ती मतदाता सूची को आधार बनाकर नए सिरे से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए। जिन लोगों के नाम गलत तरीके से हटे हैं, उन्हें बिना जटिल दस्तावेजी प्रक्रिया के मतदाता सूची में वापस शामिल किया जाए। यह काम बीएलओ और रिटर्निंग ऑफिसर की निगरानी में हो। पिछले कुछ महीनों में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कई गंभीर रिपोर्टें सामने आई हैं। इंडियन एक्सप्रेस की एक विस्तृत पड़ताल में दावा किया गया था, मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ काम कर रहे दोनों अन्य चुनाव आयुक्तों ने पिछले दस महीनों में 14 बार निर्णयों पर आपत्ति दर्ज कराई थी। इनमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। यह मामला आयोग के आंतरिक निर्णयों और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। इसके अलावा, एसआईआर के दौरान फॉर्म-6 में कथित बदलाव और आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया को लेकर विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। आयोग ने अपने जवाब में निर्णयों को सर्वसम्मति से लिया गया बताया है, जबकि याचिकाकर्ताओं ने इस पर सवाल उठाए हैं। अब विपक्ष आयोग से आंतरिक फाइलों, निर्णयों और संबंधित रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने की मांग कर रहा है, जो चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत नहीं कर रहा है। मतदान के आंकड़ों और ईवीएम से संबंधित विसंगतियों को लेकर भी राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। प्रमाणों के साथ गड़बड़ियों को उजागर किया गया है। अलग-अलग फॉर्म में दर्ज मतदाताओं और मतदान के आंकड़ों का अंतर चुनावी धांधली से जोड़ा गया है। इन मामलों में बूथवार दस्तावेजों और आधिकारिक जांच के आधार पर ही निष्कर्ष निकला गया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। एसआईआर के मामले की सुनवाई लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। 17 नवंबर की सुनवाई में न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को निर्वाचन आयोग के हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए दस दिन का समय दिया है। राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से आयोग से 48 सवाल पूछने की अनुमति मांगने का मामला भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जिस पर अगली सुनवाई 9 दिसंबर के लिए निर्धारित है। दिल्ली में एसआईआर से बाहर हुए मतदाताओं को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से प्रगति रिपोर्ट मांगी है।

खेतों से दुनिया तक भारत : अन्न उत्पादन का कीर्तिमान कृषि शक्ति का प्रमाण

- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत के खेतों में इस बार जो इतिहास रचा गया है। यह उस किसान के परिश्रम, संकल्प और सामर्थ्य का प्रमाण है, जो मौसम की अनिश्चितताओं, प्राकृतिक चुनौतियों और खेती की बढ़ती लागत के बीच भी देश के अन्न भंडार भरने में जुटा रहता है। वर्ष 2025-26 में देश का खाद्यान्न उत्पादन 3785.38 लाख टन तक पहुंचना और पिछले वर्ष की तुलना में 208.06 लाख टन की वृद्धि दर्ज करना भारतीय कृषि की असाधारण उपलब्धि है।दूसरी ओर भारतीय कृषि की बढ़ती ताकत का एक महत्वपूर्ण प्रमाण कृषि निर्यात भी है। प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों सहित भारत का कृषि-खाद्य निर्यात लगातार कई अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का सरकारी आंकड़ा सामने आया है। यह बताता है कि भारत की कृषि अब घरेलू खाद्य जरूरतों को पूरा करने के साथ वैश्विक व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

वस्तुत- चावल, दलहन, जूट, मोटे अनाज और मसालों के उत्पादन में दुनिया में प्रथम स्थान हासिल करना इस उपलब्धि को वैश्विक महत्व प्रदान करता है। सवाल यह है कि क्या इस कीर्तिमान को भारत की कृषि व्यवस्था में निर्णायक बदलाव का संकेत माना जाए? इसका उत्तर निश्चित रूप से सकारात्मक है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2025-26 के अंतिम उत्पादन अनुमान और 2026-27 के खरीफ सीजन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी करते हुए जिस उपलब्धि को सामने रखा है, उसके कई महत्वपूर्ण आयाम हैं। भारत में चावल का उत्पादन 1551.54 लाख टन और गेहूं का उत्पादन 1220.64 लाख टन तक पहुंचना बताता है कि देश की खाद्य सुरक्षा का आधार लगातार मजबूत हुआ है। मक्का उत्पादन में 550.25 लाख टन तक की छलांग और दलहन उत्पादन का 272.40 लाख टन पर पहुंचना भी अपने आप में विशेष महत्व रखता है।

आज भारत चावल, दलहन, जूट, श्री अन्न और मसालों के उत्पादन में दुनिया में पहले स्थान पर है। गेहूं, कपास और मूंगफली सहित कई अन्य उत्पादों में भी भारत की स्थिति मजबूत है। भारतीय चावल के निर्यात में पांच प्रतिशत की वृद्धि और अमेरिका, कनाडा तथा मध्य पूर्व के बाजारों में बासमती की बढ़ती मांग इस बात का संकेत है कि भारतीय कृषि उत्पादों की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ रही है।इस वर्ष खरीफ उत्पादन का अनुमान भारतीय किसानों की जिजीविषा का एक और प्रमाण है। अल नीनो की आशंका, मानसून में देरी और महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में कम बारिश के बावजूद खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1671.43 लाख टन रहने का अनुमान है। यह पिछले पांच वर्षों के औसत से 97.67 लाख टन अधिक है। यह भारत के लिए निश्चित ही विशेष उपलब्धि है।

खाद्यान्न के बाद अब दलहन और तिलहन की बारी भारतीय कृषि की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक दालों और खाद्य तेलों के मामले में आयात पर निर्भरता रही है। गेहूं और चावल के पर्याप्त भंडार होने के बाद अब सरकार का दलहन और तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है। वर्ष 2025-26 में दलहन उत्पादन 272.40 लाख टन और तिलहन उत्पादन 432.55 लाख टन तक पहुंचना उत्साहजनक है। मूंगफली का 131.71 लाख टन और सरसों का 137.66 लाख टन उत्पादन नए अवसरों की ओर संकेत करता है, किंतु साथ ही हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि आखिर जब देश में दालों और खाद्य तेलों की मांग लगातार बढ़ रही है, तब आयात पर निर्भरता कब तक स्वीकार की जा सकती है?वस्तुत- इसका समाधान किसानों को ऐसी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित करने में है, जिनकी घरेलू मांग अधिक है और जिनसे उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिल सकता है। इसके लिए किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उन्नत तकनीक, सिंचाई, कृषि यंत्र और बाजार की सुनिश्चित उपलब्धता देनी होगी। दलहन और तिलहन की खेती में जोखिम कम करने के लिए प्रभावी मूल्य समर्थन तथा खरीद व्यवस्था भी जरूरी है। किसान तभी फसल विविधीकरण की ओर बढ़ेगा, जब उसे यह भरोसा होगा कि उसकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और बाजार में उसे भटकना नहीं पड़ेगा।

आज भारत के सामने एक ऐसा अवसर है, जिसका उपयोग दूरगामी कृषि परिवर्तन के लिए किया जा सकता है। देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मविश्वास हासिल किया है। वैश्विक कृषि रैंकिंग में उसकी स्थिति मजबूत हुई है और निर्यात की संभावनाएं बढ़ी हैं। अब आवश्यकता इस उपलब्धि को टिकाऊ कृषि व्यवस्था में बदलने की है। निश्चित ही 3785.38 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का कीर्तिमान भारत के लिए गौरव का विषय है। यह उस किसान की मेहनत का सम्मान है, जो देश की खाद्य सुरक्षा का सबसे मजबूत प्रहरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय कृषि और किसानों की सामर्थ्य को देश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण आधार माना है। उनका स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि किसान सशक्त होगा तो देश समृद्ध होगा और कृषि क्षेत्र मजबूत होगा तो भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %बीज से बाजार तक% के दृष्टिकोण को इसी व्यापक अर्थ में समझना होगा। भारत की कृषि शक्ति का वास्तविक उत्कर्ष तब होगा, जब खेत में लहलहाती फसल के साथ किसान के घर में भी समृद्धि आएगी।

आखिरकार किसी देश की कृषि महानता का आकलन उसके अन्न भंडारों की ऊंचाई से ही होता है। ऐसे में उसके जीवन में खुशहाली का होना भी जरूरी है। आज भारत ने अन्न उत्पादन में इतिहास रचा है, अब उसे किसान की समृद्धि का नया इतिहास रचना है। यही विकसित भारत के संकल्प की दिशा में कृषि क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होगा।

डिजिटल समय में पुस्तकों की दुनिया

डॉ. मोनिका भाम्भू कलाना

अमेरिका के प्रसिद्ध निबंधकार और दार्शनिक राल्फ वाल्डो इमर्सन ने कहा था, 'अगर हमारा किसी असाधारण बुद्धिमत्ता वाले व्यक्ति से सामना होता है, तब हमें पूछना चाहिए कि उसने कौन-सी पुस्तकें पढ़ी है?' दूसरों की पढ़ी पुस्तकों के बारे में जानना मुश्किल हैं, किन्तु यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि डिजिटल क्रान्ति और ऑनलाइन शिक्षा के इस जमाने में किताबें कहाँ हैं ? स्क्रीन से अलग मुद्रित किताब, जिसे हाथ में लेकर पढ़ा जा सके, वे कहाँ हैं, कितनी हैं और उनका भविष्य क्या है ? अब तक मनुष्य को अपने अतीत और भविष्य से जोड़ने वाली किताबों का भविष्य क्या सचमुच संकटमय है या तकनीकी संजाल में रूप बदलकर किताबें अब भी गतिमान हैं ? किताबें केवल साहित्य की ही नहीं होती किन्तु बहुतायत उन्हीं की होती है। इसलिए जब साहित्य के संकट की बात होती है तो उसका संकट पुस्तकों से भी जुड़ा होता है। गूगल बुक्स और किंडल जैसे एप्प की लगातार बढ़ती लोकप्रियता ने भौतिक पुस्तक के अस्तित्व पर अवश्य प्रश्नचिह्न लगाया है, किन्तु पुस्तकें तो पढ़ी जा रही हैं, उनके पाठक बढ़े हैं। पुस्तकों के पीडीएफ संस्करण की लोकप्रियता और खरीददारी बताती है कि तकनीक ने पुस्तकों के लिए संकट उपस्थित करने की बजाय उन्हें सस्ता और सुलभ बनाया है। पीडीएफ संस्करण ने पुस्तकों की पुस्तकालय तक बंद दुनिया को आमजन के लिए खोल दिया है। डिलीवरी ऐप्स के आने के बाद किताबों की दुनिया वही नहीं रही, जो पहले थी। किताबें उन सबके लिए सुलभ हुई जो उन्हें खरीद सकते थे। किन्तु किंडल जैसे ऐप के आने के बाद पुस्तकें नाममात्र की क़ीमत पर मिलने लगीं, जिसे दो-तीन लोग मिलकर भी खरीदकर पढ़ सकते हैं। अब पुस्तकों के लिए लाइब्रेरी कार्ड्स और दूर-दराज जाने की जरूरत नहीं रही। पुस्तकों की सॉफ्ट या डिजिटल कॉपी ने पुस्तकों की दुनिया में, सच्चे अर्थों में जनतन्त्र लाने का कार्य किया। ग्रामीण इलाकों में जहाँ अब तक पुस्तकालय न पहुँच सकें, पुस्तकें डिजिटल क्रान्ति पर सवार होकर पहुँची। दृष्टि बाधित लोगों के लिए ऑडियो बुक ने एक नई दुनिया खोल दी, वहीं मूक-बधिर लोगों के लिए वीडियो बुक ने यह दरवाजा खोला।

भारत में आज भी दुनिया में सर्वाधिक पुस्तकें पढ़ी जाती हैं। यह सही है कि यहाँ साहित्यिक नहीं बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पुस्तकें सर्वाधिक पढ़ी जाती है जिनका मूल्य परीक्षा उत्तीर्ण करने से अधिक नहीं होता। किन्तु किताबें छपती भी वही सबसे ज्यादा है, बिकती भी हैं और पढ़ी भी वही जाती हैं। 2022 के वैश्विक कल्चर इंडेक्स के अनुसार भारतीय लोग सप्ताह में औसतन दस घण्टे से अधिक पढ़ने में बिताते हैं। यह दुनिया में सर्वाधिक है। हर विषय की लिखित पुस्तकें उस विषय का साहित्य कहलाती है, किन्तु पुस्तकों का नाम आते ही रचनात्मक साहित्य की पुस्तकें ही यकायक ध्यान में आती है, इसीलिए जब भी साहित्य के अस्तित्व के संकट की बात की जाती है उसे किताबों के संकट से जोड़ा जाता रहा है। वैश्वीकरण के इस समय में पिछले तीस सालों से लगातार मानव जीवन में साहित्य की जरूरत और उसके स्थान को लेकर सवाल उठाया जाता रहा है, आपाधापी के इस युग में जब मनोरंजन के असीमित साधन हो साहित्य की अहमियत क्या हैं और किताबें क्यों पढ़ी जानी चाहिए, यह पूछना एक जरूरी सवाल है। किन्तु मनोरंजन के साधनों के बीच जब इतनी प्रतिस्पर्धा है तभी तो पुस्तक की असली परीक्षा होगी। कहते हैं साहित्य मनुष्य के आत्म का विस्तार करके उसे मनुष्य मात्र के प्रति सहानुभूतिमय और संवेदनशील बनाता है। यदि ऐसा है तो साहित्य की जरूरत बढ़ी ही है। सूचनाओं और जानकारियों को प्राप्त करने के साधन और गति जैसे-जैसे बढ़ी है मनुष्य में सहानुभूति और संवेदना कम होती गई है, मनोरंजन के तमाम साधन समय काटने के माध्यम से ज्यादा क्या हैं क्या इससे ज्यादा उनकी कोई भूमिका है ? इतनी सूचनाओं के होते हुए भी मनुष्य दूसरे तक पहुँचने में, स्वयं को संप्रेषित करने में सक्षम नहीं रहा है, अतः अकेला पड़ता गया है। लिखे हुए शब्द की क्षमता तक मनोरंजन के ये साधन नहीं पहुँच सकें। जब तक दूसरे को समझने-जानने और सत्य तक पहुँचने की ललक रहेगी पुस्तकें हमेशा रहेगी और साहित्य भी। पुस्तकों का रूप बदल रहा है लेकिन रूप का बदलाव समय की माँग है।

छापे के आविष्कार के बाद जब साहित्य मौखिक से लिखित रूप में आया था, तो उसने ज्ञान पर कुछ लोगों और वर्गों के वर्चस्व को तोड़कर उसे पुस्तक के रूप में खरीददारों तक पहुँचा दिया। इससे साहित्य और पुस्तकें बढ़ी ही, उन्हें विस्तृत होने को नया आसमान मिल गया था। समाज में जब भी कोई बदलाव आता है तो साहित्य में भी बदलाव अवश्यम्भावी है। हर परिवर्तन वस्तु से अधिक रूप और शिल्प का परिवर्तन होता है और हर परिवर्तन साहित्य और इस दुनिया के बीच की दरार को भरने का काम करता है। कार्ल सागन कहते हैं पढ़ना समय की यात्रा करना है।

पाकुड़ की खबरें

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत, दो दोस्त घायल

पाकुड़। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कलिकापुर देवपुर स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के समीप बाईपास सड़क पर शुक्रवार को ट्रक और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसके दो दोस्त घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक सड़क जाम रखा।मिली जानकारी के अनुसार, शाहबाजपुर निवासी रजीबुल शेख का पुत्र अकील शेख अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सोनाजोड़ी सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने अकील शेख को मृत घोषित कर दिया। दोनों दोस्तों को हल्की चोटें आई हैं।युवक की मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर आवागमन ठप कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने ग्रामीणों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर ट्रक तेज गति से चलते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। कुछ दिन पहले भी इसी स्थान पर हादसा हुआ था। उन्होंने तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए जांच अभियान चलाने और दुर्घटनास्थल पर गति अवरोधक बनाने की मांग की।करीब दो घंटे बाद थाना प्रभारी की पहल पर ट्रक मालिक, मृतक के परिजन और पंचायत प्रतिनिधि थाने में आपसी बातचीत के लिए राजी हुए। इसके बाद जाम हटाने की दिशा में पहल की गई।

महिलाओं से मारपीट और लूटपाट मामले में दो दोषी करार, 3 दिसंबर को सजा पर सुनवाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के बोहरा रस्सी टोला में वर्ष 2021 में महिलाओं के साथ मारपीट, दुर्व्यवहार और लूटपाट के मामले में अदालत ने दो आरोपितों को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश कुमार क्रांति प्रसाद की अदालत ने सत्र विचारण वाद संख्या 24/22 की सुनवाई पूरी करने के बाद दिबीबीटी हांसदा और गोपाल टुडू को दोषी ठहराया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है।फैसले के दौरान दिबीबीटी हांसदा अदालत में मौजूद थी। न्यायालय ने उसका जमानत बंधपत्र रद्द कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। वहीं, गोपाल टुडू के अनुपस्थित रहने पर उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया।मामला अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 23/2021 से जुड़ा है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना 20 मार्च 2021 की है। बोहरा रस्सी टोला निवासी रानी सोरेन ने आरोप लगाया था कि जमीन हड़पने की नीयत से गोपाल टुडू, दिबीबीटी हांसदा, एंथोनी टुडू और दासो टुडू ने साजिश रची थी।आरोप था कि महेश्वर टुडू को काम के सिलसिले में गांव से बाहर भेजने के बाद यह अफवाह फैलाई गई कि रानी सोरेन के पति सुभाषटेन टुडू और उनके गोतिया साहेबजन टुडू तथा सिलीप टुडू ने महेश्वर की हत्या कर शव छिपा दिया है। इस अफवाह के जरिए ग्रामीणों को उकसाकर महिलाओं के साथ मारपीट, दुर्व्यवहार और लूटपाट की गई थी

बाल विवाह की जानकारी तुरंत 112 पर दें

पाकुड़। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पाकुड़ जिला प्रशासन ने जागरूकता और त्वरित कार्रवाई की दिशा में पहल तेज कर दी है। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने जिलेवासियों से बाल विवाह के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा।एसपी ने बताया कि बाल विवाह उन्मूलन के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान %तारा टारा की शुरुआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से किशोर-किशोरियों के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ बाल विवाह की रोकथाम में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।उन्होंने कहा कि बच्चों का विवाह बालिग होने से पहले करना उनके अधिकारों और भविष्य के साथ अन्याय है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने, शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकसित होने तथा आत्मनिर्भर बनने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के कम उम्र में विवाह के बजाय उनकी शिक्षा और बेहतर भविष्य को प्राथमिकता दें।

पाकुड़ प्रेस क्लब के चुनाव की मांग तेज, पत्रकारों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। पाकुड़ प्रेस क्लब के गठन और संचालन में पारदर्शिता लाने की मांग को लेकर जिले के पत्रकारों ने आवाज बुलंद की है। शुक्रवार को विभिन्न समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी पात्र पत्रकारों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने की मांग की गई।पत्रकारों का आरोप है कि करीब दो दशक से प्रेस क्लब का विधिवत और व्यापक लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव नहीं हुआ है। सीमित पत्रकारों के बीच ही चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जाती रही



है। उन्होंने लंबे समय से मुकेश जायसवाल के अध्यक्ष पद पर बने रहने पर भी सवाल उठाते हुए प्रेस क्लब के पंजीकरण, संविधान, नियमावली और कार्यकाल से संबंधित दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की।पत्रकार प्रीतम सिंह यादव ने कहा कि रांची, देवघर और धनबाद सहित कई जिलों में पत्रकारों की सहभागिता से प्रेस क्लब का विधिवत गठन और चुनाव कराया गया है, लेकिन पाकुड़ में सभी पत्रकारों को एक मंच पर लाकर चुनाव कराने की पहल नहीं हुई। प्रेस क्लब किसी व्यक्ति विशेष या गुट की नहीं, बल्कि जिले के सभी पत्रकारों की साझा संस्था होनी चाहिए।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूर्व उपायुक्त मनीष कुमार के कार्यकाल में भी इस मांग को उठाया गया था, लेकिन उस समय पहल आगे नहीं बढ़ सकी। वर्तमान उपायुक्त ने मामले में एसडीओ की निगरानी में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर चुनाव कराने का भरोसा दिया है।

ज्ञापन सौंपने वालों में सतनाम सिंह, प्रीतम सिंह यादव, कजरुल इस्लाम, नुरुल अंसारी, बजरंग पंडित, नंदलाल तुरी, ममता जायसवाल, बलराम ठाकुर, विजय कुमार और सुदीप कुमार त्रिवेदी सहित अन्य पत्रकार शामिल थे। अब पत्रकारों की नजर जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

रबी खेती को लेकर किसानों को किया जागरूक विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को हिरणपुर प्रखंड परिसर में रबी कार्यशाला सह किसान जागरूकता अभियान 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत, बीडीओ दिलीप टुडू, प्रखंड प्रमुख विनीता किस्कू एवं उप प्रमुख अब्दुल गनी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय कर्मियों ने रबी फसलों की खेती, उन्नत बीजों के चयन, मिट्टी की जांच और कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त करने के उपाय बताए।कार्यशाला में कृषि आत्मा, उद्यान विभाग, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, पशु चिकित्सा, पौधा संरक्षण एवं बीज वितरण से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। इनके माध्यम से किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ केसीसी ऋण के लिए आवेदन, फसल बीमा और उन्नत बीजों के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई।

वहीं, दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने तथा जैविक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। किसानों से आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन और आमदनी बढ़ाने की अपील की गई।मौके पर मुखिया तेरेसा टुडू, जॉनजंतु सोरेन, एजीएम संतोष साह, बीएओ महेंद्र नाथ शील सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मी एवं किसान मौजूद थे।

पुल से नीचे गिरी कार, तीन लोग घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता **पाकुड़।** मलीपाड़ा के समीप पाकुड़-बड़हरवा मुख्य पथ पर तोड़ाई नदी पर बने पुल से शुक्रवार को एक कार अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सोनाजोड़ी सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घायलों की पहचान साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र निवासी कंचन घोष, प्रमोद कुमार दास और अजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तीनों कार से कोटालपोखर से पाकुड़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पुल के समीप मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार पुल से नीचे गिरकर पलट गई।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल के पास तीखा मोड़ होने के कारण तेज रफ्तार वाहन अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं। लोगों ने इस मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

हिरणपुर में रात आठ बजे के बाद दवाओं का संकट, मरीजों को होती है परेशानी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। करीब एक लाख की आबादी वाले हिरणपुर प्रखंड में रात के समय दवाओं की उपलब्धता बड़ी समस्या बनती जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास संचालित मेडिकल दुकानें रात आठ बजे तक बंद हो जाती हैं। ऐसे में आपात स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को जरूरी दवाओं के लिए भटकना पड़ता है।

गुरुवार रात दवा उपलब्ध कराने को लेकर हिरणपुर बाजार स्थित दत्ता मेडिकल में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि रात करीब साढ़े आठ बजे दवा के लिए मेडिकल संचालक राजू दत्ता को फोन किया गया। उन्होंने घर में जन्मोत्सव कार्यक्रम होने की बात कहकर 10 मिनट इंतजार करने को कहा। इसके बाद भी दवा नहीं मिलने पर दोबारा फोन किया गया। इसी दौरान संचालक और उनके परिजनों के साथ कहासुनी शुरू हो गई। मामला बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया।इस घटना के बाद प्रखंड में रात्रिकालीन दवा व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक मेडिकल दुकानें होने के बावजूद रात में दवाएं नहीं मिलना मरीजों के लिए परेशानी का कारण है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को आपात स्थिति में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रखंड मुख्यालय में कम से कम एक मेडिकल दुकान को रातभर खुला रखने की व्यवस्था करने की मांग की है। इधर, उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि इस संबंध में सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिया गया है। रात में भी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मेडिकल दुकानों का रोस्टर तैयार किया जाएगा।

13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, 17 वर्षीय किशोर निरुद्ध, बाल सुधार गृह भेजा गया

महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में किशोरी की मां ने आढ़ोल गांव निवासी 17 वर्षीय किशोर के खिलाफ गुरुवार शाम महेशपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।प्राथमिकी के अनुसार, किशोरी 22 नवंबर की रात करीब नौ बजे घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। 26 नवंबर को एक युवक मोटरसाइकिल से किशोरी को लेकर घर पहुंचा। परिजनों द्वारा रोकने का प्रयास किए जाने पर वह किशोरी को छोड़कर वहां से भाग निकला। इसके बाद किशोरी ने परिजनों को बताया कि उसे मोबाइल फोन से बुलाकर अपने साथ ले जाया गया था। आरोप है कि उसे तीन दिनों तक अपने घर में रखकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया।मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी किशोर को उसके घर से निरुद्ध कर लिया। शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सड़क किनारे मिला 27 वर्षीय युवक का शव,अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की आशंका

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा-साहेबगंज मुख्य मार्ग पर गम्हरिया गांव के समीप शुक्रवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जोरडीहा गांव निवासी सकल सोरेन (27) के रूप में हुई है।जान

देवघर में अवैध बस पड़ाव पर प्रशासन सख्त अब आईएसबीटी से ही होगा बसों का परिचालन

नियम तोड़ने पर नॉन-एसी बस को 2400 और एसी बस को 3000 रुपये जुर्माना, नियमित जांच के निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और अनावश्यक जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए देवघर नगर निगम प्रशासन ने अवैध बस पड़ाव के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि शहरी क्षेत्र में अब किसी भी परिस्थिति में अनधिकृत बस पड़ाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी बसों का ठहराव और परिचालन निर्धारित आईएसबीटी बस पड़ाव से ही होगा।



बैठक में अपर नगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), सहायक नगर आयुक्त, यातायात थाना प्रभारी, नोडल पदाधिकारी हिमांशु शेखर, प्रभारी प्रधान सहायक जयशंकर साह, संबंधित फूड इंस्पेक्टर एवं आईएसबीटी के बंदोबस्तधारी उपस्थित थे।

बैठक में चकाई मोड़, बीआईटी मेसरा, कुंडा मोड़, अपर बिलासी और भुरभुरा मोड़ सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर बसों के अनधिकृत ठहराव से उत्पन्न जाम की समस्या पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि बसें केवल निर्धारित ट्रूस्क्ल्ल से ही यात्रियों को चढ़ाएं और उतारें। शहर के चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों एवं अन्य अनधिकृत स्थानों पर बस खड़ी करने की अनुमति नहीं होगी। निर्देशों का उल्लंघन करने पर नॉन-एसी बस से 2,400 रुपये तथा एसी बस से 3,000 रुपये प्रति बस जुर्माना वसूला जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रशासन ने संबंधित पदाधिकारियों को चिन्हित स्थलों पर नियमित जांच एवं निगरानी अभियान चलाने का निर्देश दिया है। नगर निगम द्वारा माइकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के साथ चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएंगे। इन पर स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा कि यहां बस पड़ाव वर्जित है और बसों का परिचालन केवल ट्रूस्क्ल्ल से ही किया जाए। नगर निगम, परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से इस व्यवस्था की निगरानी करेंगे। प्रशासन का उद्देश्य शहर को जाममुक्त बनाना और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

नशामुक्त समाज के निर्माण में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम : डॉ. मनोज



देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, देवघर के अंतर्गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), सारवां में नशा मुक्त भारत अभियान एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में स्वास्थ्यकर्मियों एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम से साइकियाट्रिक सोशल वर्कर मोहम्मद शरीफ अंसारी, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अपर्णा रानी तथा युवा मैत्री केंद्र की एआरएसएच काउंसलर संबिका सिंह उपस्थित रहीं। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने नशे के दुष्परिणामों, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके लक्षणों, बचाव एवं उपचार के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। इससे बचाव के लिए जागरूकता, समय पर परामर्श और उचित उपचार जरूरी है।

2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प

देवघर संताल एक्सप्रेस । वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प के तहत अंतरराष्ट्रीय बाल, कम उम्र एवं जबरन विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर चेतना विकास की ओर से जामताड़ा जिले में जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं किशोरियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य से हुआ। नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ संघर्ष, साहस और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन पीडीएस दुकानदार सम्मानित



मधुपुर । झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मधुपुर प्रखंड सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लाभुकों को खाद्यान्न का सुचारू एवं नियमित वितरण सुनिश्चित करने तथा विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन ग्रामीण जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजकुमार महतो ने संयुक्त रूप से चयनित दुकानदारों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।सम्मानित होने वालों में प्रथम स्थान पर मोहम्मद सज्जाद अंसारी, द्वितीय स्थान पर गणेश प्रसाद महतो तथा तृतीय स्थान पर प्रहलाद दास शामिल हैं. इस अवसर पर बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार सरकार और आम लाभुकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं.

देवघर के किसानों को मिले मिनी ट्रैक्टर सोलर पंप और पॉली हाउस की सौगात



देवघर। झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को सूचना भवन सभागार में खेत बचाओ अभियान सह जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सुरेश पासवान, उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी और उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान रबी कर्मशाला पुस्तिका का विमोचन भी हुआ। विधायक ने किसानों से आधुनिक कृषि यंत्रों और सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ लेकर आय बढ़ाने की अपील की। उपायुक्त ने रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग कम कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अत्यधिक रसायनों से मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही सखी मंडलों और महिला किसानों के कृषि क्षेत्र में योगदान की सराहना की। डीडीसी ने बेहतर उत्पादन के लिए उन्नत बीज, सिंचाई और आधुनिक तकनीक के समय पर उपयोग को जरूरी बताया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. वीणा कुमारी टुडू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कृषि कर्मी मौजूद थे।

साइबर ठगी के आरोप में तीन गिरफ्तार



देवघर। साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर देवघर पुलिस ने 26 नवंबर को बड़ी कार्रवाई करते हुए देवीपुर थाना क्षेत्र के पेशरपुर जंगल से तीन संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। छापेमारी का नेतृत्व डीएसपी कैलाश प्रसाद महतो ने किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों पर फ्लिपकार्ट, अमेजन, एयरटेल पेमेंट्स बैंक और फोनपे का फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बेलाल अंसारी (31), निवासी बसमता, थाना सोनारायठाढ़ी तथा बिकास कुमार दास (23) और सिकन्दर दास (26), दोनों निवासी जमुनिया, थाना देवीपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कैशबैक का झांसा देकर लोगों को ठगते थे। इसके अलावा पीएम किसान योजना, बिजली बिल और आरटीओ चालान के नाम पर फर्जी एपीके फाइल भेजकर मोबाइल का एक्सेस हासिल करते थे। एयरटेल थैंक्स ऐप के जरिए बैंक कार्ड बंद कर उसे दोबारा चालू कराने के नाम पर भी ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड जब्त किए। छापेमारी में साइबर थाना के इंस्पेक्टर संतोष कुमार मंडल और देवीपुर थाना के एसआई प्रशांत कुमार सिंह शामिल थे।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कर्मियों को ज्ञापन सौपा

मधुपुर । आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों और डॉक्टरों ने लंबित वेतन भुगतान को लेकर मधुपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा है. 15 वें वित्त आयोग स्वास्थ्य के अंतर्गत संचालित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पॉलीक्लिनिक रेडक्रॉस, चांदवारी, लालगढ़ में ये संस्थाएं संचालित है. ज्ञापन में कहा गया है कि सभी कर्मचारी और डॉक्टर मधुपुर नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग सिविल सर्जन कार्यालय, देवघर के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आम जनता को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं. इसके बावजूद सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को फरवरी 2026 तक का ही वेतन प्राप्त हुआ है. इसके पश्चात मार्च 2026 से नवंबर 2026 तक नौ माह का वेतन आज तक लंबित है. कार्यरत डॉक्टर को भी फरवरी 2026 तक का ही वेतन मिला है, उसके बाद का वेतन भी लंबित है. ज्ञापन देने वालों में डाक्टर मार्गरेट, रोज रानी हेंब्रम, डॉक्टर सैफुल्ला अंसारी, पूरन मंडल, पप्पू यादव, निधि निगम, ललिता कुमारी, लखेन्द्र मंडल, नीरज कुमार, विकास कुमार, शाहजाद, अली, वीणा सिंह, राजेन्द्र वर्मा, जावेद अख्तर आदि शामिल हैं.

महेशमारा में विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी



देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने एवं समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महेशमारा के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में बाल विवाह विरोधी जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इस सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने की अपील की। प्रभातफेरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को संदेश दिया कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करता है। इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य विजय शंकर ठाकुर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं कंचन गुप्ता, रानी ममता, रूपा केसरी,ज्योति शाही,भैरव मंडल,राकेश स्कूल एवं धीरेंद्र भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

छत का गेट तोड़कर घर से हुई लाखों की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । स्थानीय गांधी चौक स्थित बुलेट गली में गुरुवार की देर रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर करीब दो लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात और छह हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया. चोरी की यह घटना बिहार मेडिकल हॉल के संचालक अरिंदम दत्ता के घर में हुई.

गृहस्वामी अरिंदम दत्ता ने बताया कि वे परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे. देर रात घर लौटने पर कमरों का सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई. छानबीन करने पर पता चला कि चोर छत का गेट तोड़कर घर में दाखिल



हुए थे. इसके बाद कमरे में रखे पर्स से छह हजार रुपये नकद और अलमारी तोड़कर करीब 14 ग्राम सोने के जेवरात चोरी कर लिए. चोरी गए जेवरात की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही मधुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई. पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान करने के साथ घटना की जांच में जुटी है. इधर, मोहल्ले में चोरी की घटना से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है. स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती तेज करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की मांग की है.

बैद्यनाथ कॉरिडोर को लेकर गंभीर हैं सीएम : मणिशंकर



देवघर संताल एक्सप्रेस । बैद्यनाथ कॉरिडोर निर्माण को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष मणिशंकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद मणिशंकर ने कहा कि मुख्यमंत्री बैद्यनाथ कॉरिडोर परियोजना को लेकर गंभीर हैं और इससे जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार न्यायसंगत निर्णय लेने के पक्ष में है। मणिशंकर ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण से संबंधित दो प्रमुख मुद्दे विस्थापन और लखराज जमीन के हैं। कॉरिडोर बनने से मुख्य रूप से पंडा-पुरोहित एवं वैश्य समाज प्रभावित होंगे, जिनका तीर्थयात्रियों से सीधा जुड़ाव है। विस्थापन के लिए तीन स्थान चिह्नित किए गए हैं। वहीं, लखराज जमीन के मामले में वरिष्ठ पुरोहितों ने सरकार को सुझाव दिया है कि जिन लोगों का मकान जिस जमीन पर बना है, आधिपत्य का अधिकार उन्हीं को दिया जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही नगर विकास विभाग, पर्यटन विभाग, मंदिर प्रबंधन बोर्ड और जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी। इसमें उठाए गए सभी प्रमुख मुद्दों पर विचार कर न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा। मणिशंकर ने आग्रह किया कि कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले प्रभावित पंडा-पुरोहित एवं वैश्य समाज, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा प्रमुख समाजसेवियों के साथ बैठक की जाए, ताकि सभी पक्षों की सहमति और सुझावों को शामिल किया जा सके।

पेट्रोल लीडर्स ट्रेनर्स ट्रेनिंग कोर्स में दिखा उत्साह

मधुपुर । ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में बावन बीघा स्थित रेलवे स्टेट ट्रेनिंग पार्क मधुपुर में आयोजित पेट्रोल लीडर्स ट्रेनर्स ट्रेनिंग कोर्स के तीसरे दिन शुक्रवार को भी प्रशिक्षणार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला. दिनभर चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों, नेतृत्व क्षमता, शिक्षण पद्धति और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को कुशल प्रशिक्षक के रूप में तैयार करना तथा उनमें नेतृत्व, अनुशासन, टीम भावना और संगठनात्मक क्षमता का विकास करना रहा. कार्यक्रम की शुरुआत निर्धारित सुबह की दिनचर्या के साथ हुई. इस दौरान बीपी सिक्स, व्यायाम, निरीक्षण और ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया।

झारखंड स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, क्विज से चित्रांकन तक बिखेरा हुनर



देवघर। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय क्विज, निबंध और चित्रांकन प्रतियोगिता में देवघर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए छात्र-छात्राओं ने बौद्धिक क्षमता से लेकर रचनात्मक कौशल तक अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के समापन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस राज्य के गौरव और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने और जिले व राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

पॉलिटेक्निक में तीन कंपनियां करेंगी कैंपस प्लेसमेंट



मधुपुर । मधुपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है. कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से तीन प्रतिष्ठित कंपनियों के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. इसमें आनंद ग्रुप ऑफ कंपनीज, सब्रोस लिमिटेड और टेक्निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड हिस्सा लेंगी. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आनंद ग्रुप का प्लेसमेंट 30 नवंबर, सब्रोस लिमिटेड का 1 दिसंबर और टेक्निको इंडस्ट्रीज का 7 दिसंबर 2026 को आयोजित होगा. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश केसरी ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है. उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपडेटेड बायोडाटा, कॉलेज आईडी कार्ड और आवश्यक शैक्षणिक प्रमाणपत्र साथ लाना होगा.

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
ELECTRICAL SUPERINTENDING ENGINEER, ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, DEOGHAR
E-mail id: ese_circledeoghar@rediffmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tenders in two parts Part-I(Technical & commercial) and Part –II(Price part) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.:-

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimate Cost (In Rs.)	Cost of B.O.Q in Rs. (Non-refundable)	Earnest money To be deposited in Rs.	Time of completion of the work
01	336 /PR/ JBVNL /26-27	R/M of Right side Damaged Boundary Wall at TRW, Deoghar under ESC, Deoghar.	3,74,500.00	885.00/- (GST included)	7,500.00	02(Two) months
02	337 /PR/ JBVNL /26-27	R/M of fallen down boundary wall (Back side) of Nigam Colony Rajabag, Deoghar under ESC, Deoghar	3,32,350.00	885.00/- (GST included)	6,700.00	02(Two) months

01. Last date & time for sale of tender documents **18/12/2026 up to 5:00 PM**
02. Last date & time for submission of Tender **19/12/2026 up to 3:00 PM**
03. Date & time for opening of Tender (Part-1) **19/12/2026 at 3:30 PM**

1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Deoghar in shape of Demand Draft / Cash.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Deoghar

PR 394732 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर
न्याय सदन, सिविल कोर्ट परिसर, देवघर

राष्ट्रीय लोक अदालत
12 दिसंबर, 2026 (शनिवार)

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय परिसर देवघर एवं अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, मधुपुर में 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन दिनांकः– 12 दिसंबर, 2026 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे से किया जा रहा है। तथा राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित समझौता बैठकें दिनांक 12 अक्टूबर, 2026 से चल रही है।
इस राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के प्री–लिटिगशन तथा लंबित मामलों का निष्पादन सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा।

1. सुलहनीय आपराधिक मामले, 2. एन.आई.एक्ट (चेक अनावरण) से संबंधित मामले, 3. बैंक ऋण वसूली के मामले, 4. मोटर वाहन दुर्घटना के दावे से संबंधित मामले,	5. वैवाहिक विवाद से संबंधित मामले, 6. श्रम विवाद से संबंधित मामले, 7. भू–अर्जन से संबंधित मामले, 8. बिजली, पानी के बिलों से संबंधित मामले (असुलहनीय मामलों को छोड़कर)	9. सेवा से संबंधित भुगतान, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित मामले 10. राजस्व से संबंधित मामले (जिला न्यायालय में लंबित मामले) 11. अन्य दिवानी मामले जिसमें मालगुजारीए सुखाधिकार, इंजन्कशन सूट, विनिर्दिष्ट पालन इत्यादि शामिल हैं, 12. अन्य सुलह योग्य मामले

न्यायालयों में लंबित उपरोक्त मामलों की त्वरित सुनवाई व निष्पादन हेतु मामलों से संबंधित कोई भी पक्षकार/इच्छुक त्वरित या किसी भी प्री–लिटिगेशन मामले की सुनवाई किये जाने हेतु इच्दुक व्यक्ति/पक्ष, अपने मामले का ब्यौरा, अपने पूरे पते तथा अन्य विवरण के साथ, अपना आवेदन संबंधित न्यायालय अथवा विभागों के माध्यम से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर
फोन नं0 – (06432–352718) अथवा सचिव अनुमंडल विधिक सेवा समिति मधुपुर (मोबाईल सं0–8825142983) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

श्री प्रवीण पुष्कर, पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर
श्री सौरभ कुमार भुवानिया, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर
श्री कौशल किशोर झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर

PR 394714 Deoghar(26-27).D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
(प्रथम आमंत्रण)
अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- DWSD/EDT-DUM-1/12/2026-27, दिनांक– 27.11.2026

1	Name of Work:- Construction of 125/115 mm. Dia. with. 120Mtrs. Extra Deep(Avg.) Drilled Tube Well/Extra Deep Drilled Tube Well with Installation of India Mark II (IS 15500 Part–2/2004) Hand Pump with 32 mm. Dia.GI Medium Class Riser Pipe by Truck Mounted DTH RIG Machine with 125mm. Dia. Blue casing UPVC Pipe and Construc tion of Drain,Platform etc. complete work under D.W.&S. Division, No.-01, Dumka for the Year 2026 -27 on Turn key basis.						
क्र०	प्रखण्ड	गुपसंख्या	ड्रिल्डनलकूपों की संख्या	प्रक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1	Gopikander	EDT-DUM-1/120-1	30 Nos.	3898530.00	78000.00	5000.00	60Days
2	Kathikund	EDT-DUM-1/120-2	30 Nos.	3898530.00	78000.00	5000.00	60 Days
3	Raneshwar	EDT-DUM-1/120-3	20 Nos.	2599020.00	52000.00	5000.00	40Days
4	Raneshwar	EDT-DUM-1/120-3	10 Nos.	1299510.00	26000.00	2500.00	20 Days
5	Shikaripara	EDT-DUM-1/120-4	20 Nos.	2599020.00	52000.00	5000.00	40Days
6	Shikaripara	EDT-DUM-1/120-4	10 Nos.	1299510.00	26000.00	2500.00	20Days
2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि				04.12.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक		
3	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय				18.12.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक		
4	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगि की एवं ई–गवर्नेंस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय				18.12.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक		
5	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय				19.12.2026 समय 05.00 बजे अपराहन्		
6	तकनीकीबिड खोलने का स्थान				कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सं0–01, दुमका।		
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम				ई0,रामेश्वर गुप्ता कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सं0–01, दुमका		
8	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0				7543089612		
9	ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0				0651-2480345		

नोटः
➤ केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
➤ अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
➤ निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

(रामेश्वर गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं0–01, दुमका

PR 394682 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

खाली खजाने से पंचायतों की विकास रफ्तार पर ब्रेक, पंचम वित्त आयोग की राशि के लिए उठी आवाज

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। वित्तीय संसाधनों की कमी से गांवों में विकास योजनाओं के प्रभावित होने का मुद्दा अब सरकार तक पहुंच गया है। पंचम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसित राशि जारी करने की मांग को लेकर जिला मुखिया संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। संघ अध्यक्ष देबीसन हांसदा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर लंबित आवंटन जल्द उपलब्ध कराने का आग्रह किया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की।मुखिया संघ का कहना है कि राशि के अभाव में पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों की रफ्तार प्रभावित हो रही



है। संघ ने ग्रामीण हितों को प्राथमिकता देते हुए जल्द आवंटन की मांग की।इस मौके पर मुखिया जोसेफ मुर्मू, रवींद्रनाथ मरांडी, सरोज हेंब्रम समेत जिले के कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

गोड्डा में दिसंबर तक आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का चयन पूरा करने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण ट्रैकर, टेक होम राशन वितरण तथा गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने बताया कि जिले में कुल 1,869 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें 1,313 केंद्र अपने भवन में तथा शेष केंद्र सरकारी भवनों, विद्यालयों एवं किराये के भवनों में चल रहे हैं।



अक्टूबर माह में फेशियल रिकग्निशन सिस्टम के माध्यम से टीएचआर वितरण की समीक्षा में बताया गया कि कुल 70,739 योग्य लाभुकों में से 52,037 लाभुकों को एफआरएस के जरिए राशन उपलब्ध कराया गया है।

उपायुक्त ने सभी लंबित विभागीय कार्यों को अगले 10 दिनों में पूरा करने तथा शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि एवं उपयुक्त सरकारी भवन चिह्नित करने और गर्भवती महिलाओं की लंबित एएनसी जांच निर्धारित समय में पूरी कराने को कहा।

उपायुक्त ने विशेष रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन प्रक्रिया दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

जामताड़ा में बाल विवाह के खिलाफ कानूनी जागरूकता की पहल

जामताड़ा। बाल विवाह पर रोक लगाने और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों से परिचित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को K.G.B.V. सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुलाडीह में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से



विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। नालसा एवं झालसा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम ASHA यूनिट के माध्यम से संपन्न हुआ।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार-प्रथम तथा प्राधिकार के सचिव पवन कुमार-द्वितीय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में राजेश कुमार ने बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी। पवन कुमार-II ने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की।DCPU की अंजू पोद्दार ने बताया कि बाल विवाह के मामलों में जामताड़ा झारखंड में पहले स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचा है। वहीं कलानाथ, डीएसपी नीलम कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी और पैनल अधिवक्ता बबली साव ने भी विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से जागरूकता का संदेश दिया। अंत में सभी ने बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ ली।

2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प

जामताड़ा। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पर विराम लगाने और बेटियों के सुरक्षित भविष्य का रास्ता खोलने के उद्देश्य से शुक्रवार को एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



किया गया। जिला प्रशासन एवं चेतना विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल, कम उम्र एवं जबरन विवाह उन्मूलन दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया।कार्यक्रम का आगाज अतिथियों के स्वागत और किशोरियों के आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य से हुआ। जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने कहा कि इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए पंचायत स्तर पर जनभागीदारी जरूरी है। अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों को हर बेटी की शिक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पवन कुमार ने बाल विवाह को कानूनी अपराध बताते हुए लोगों से इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की। सिविल सर्जन एसके मिश्रा ने कम उम्र में विवाह एवं गर्भधारण से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों के प्रति आगाह किया।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अंजू पोद्दार, चेतना विकास संस्था की निदेशक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सेविका, सहिया एवं महिला लीडरों ने बाल विवाह के खिलाफ एकजुट होकर इसे समाप्त करने की शपथ ली।

महिलाओं से छेड़खानी और रंगदारी मांगने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

गोड्डा। सदर क्षेत्र के मोतिया ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत वरण देवबन्धा गांव में महिलाओं के साथ छेड़खानी, रंगदारी मांगने और विरोध करने पर देसी कट्टा के बट से मारकर युवक को जख्मी करने के मामले में पुलिस ने



एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितेश कुमार यादव उर्फ रितेश कुमार (22 वर्ष), पिता धनंजय यादव, निवासी वरण देवबन्धा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर 2026 को वरण देवबन्धा गांव में कुछ लोगों द्वारा मवेशी चराने जा रही महिलाओं के साथ छेड़खानी की गई थी। इसी दौरान आरोपियों ने रोहित कुमार मंडल से पैसे की मांग की। विरोध करने पर देसी कट्टा के बट से मारपीट कर उसे जख्मी कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित रोहित कुमार मंडल के आवेदन पर मोतिया ओपी कांड संख्या 213/26 के तहत रितेश कुमार यादव समेत पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान 26 नवंबर को पुलिस ने रितेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वे देसी कट्टा के साथ मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर अपने इलाके में दबदबा कायम करने का प्रयास करते थे। इसी हथियार का भय दिखाकर घटना के दिन अपने साथियों के साथ मिलकर रोहित कुमार मंडल से पैसे की मांग की थी और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की थी।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

सड़क निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू

कर्माटांड़ । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीताकाटा और कर्माटांड़ मौजा में सड़क निर्माण को लेकर शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कर्माटांड़ रेलवे फाटक से काली मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रेम की उपस्थिति में अंचल कर्मियों एवं अमीन द्वारा सरकारी जमीन की मापी की गई।जानकारी के मुताबिक, रेलवे फाटक से काली मंदिर तक करीब ढाई किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जाना है। इस योजना की कुल राशि लगभग 5 करोड़ 90 लाख रुपये निर्धारित है। सड़क निर्माण से पहले सड़क किनारे सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को चिह्नित करने के लिए मापी कराई जा रही है।अंचल अधिकारी ने बताया कि सड़क किनारे जितनी भी सरकारी जमीन है, केवल उसी जमीन से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया की जा रही है। सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पहले जमीन की मापी कर सीमांकन किया जा रहा है।

अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, संयुक्त अभियान चलाया जाएगा

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने की।

बैठक में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध कारोबार के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच एवं छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन और खनिजों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने खनन विभाग, परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय से संयुक्त अभियान चलाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही बिना वैध दस्तावेजों के खनिजों का



भंडारण एवं व्यापार करने वालों पर भी कार्रवाई करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने और अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि खनिज संपदा के संरक्षण और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

गोड्डा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन



कराने को लेकर चर्चा की गई।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ओवरलोडिंग जुगाड़ गाड़ियों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने तथा इसके लिए टीम गठित कर नियमित जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस विभाग को बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही नशे में वाहन चलाने वालों एवं अवैध परिवहन पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और अनमोल जीवन की रक्षा की जा सकती है।

गोड्डा में वैज्ञानिक खेती और मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने पर जोर

गोड्डा। झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा सभागार में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2026 सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास



आयुक्त-सह-जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी विस्पुते श्री कांत यशवंत, संयुक्त कृषि निदेशक सहजानंद सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से खेती, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक खेती और कृषि यंत्रीकरण अपनाकर उत्पादन एवं आय बढ़ाने की अपील की।संयुक्त कृषि निदेशक सहजानंद सिंह ने मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कंगनी, कोदो, लिटिल मिलेट एवं अन्य पौष्टिक अनाजों की खेती के फायदे बताते हुए कहा कि इससे किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिलने के साथ पौष्टिक आहार भी उपलब्ध होगा।जिला कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा ने मिट्टी जांच, किसान समृद्धि, बीज विनिमय एवं वितरण, बिरसा फसल विस्तार और मिलेट मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 15 दिसंबर से जिले में उर्वरक वितरण की नई ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत किसान घर बैठे उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे और बुकिंग के बाद तीन दिनों तक उनके लिए उर्वरक आरक्षित रहेगा।कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को रबी फसलों के उन्नत बीज, बुआई की वैज्ञानिक विधि, बीज उपचार, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा सुरक्षित भंडारण की जानकारी दी।इस अवसर पर किसान समृद्धि योजना के तहत गोड्डा प्रखंड के चार किसानों गुड़िया देवी, मंजू देवी, रितेश आनंद एवं तारा देवी को लाभान्वित किया गया। वहीं मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत मां जगदंबा आजीविका सखी मंडल की सचिव पूजा कुमारी को ट्रैक्टर प्रदान किया गया। इसके अलावा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया।

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



जामताड़ा। झारखंड स्थापना दिवस समारोह के तहत शुक्रवार को डायट पबिया, नारायणपुर में जिला स्तरीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विरासत, प्रगति और आकांक्षाओं का उत्सव थीम पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेम्ब्रम ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित विद्यार्थियों ने क्विज, निबंध, पेंटिंग, नृत्य, गायन, झांकी और कथा वाचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्ग 6 से 8 तथा 9 से 12 के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई थीं।मौके पर चार्ल्स हेम्ब्रम ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक पहचान, गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना जरूरी है। ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाती हैं।क्विज के वर्ग 6-8 में रश्मि दे, अमित बाउरी और यशदीप कुमार राउत क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। वर्ग 9-12 में स्वाधीनता तसमीन, धृनराजन महतो और सौरभ बाउरी ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। वहीं दूसरी श्रेणी में पिंकी खान प्रथम तथा अमृता कुमारी द्वितीय रहीं।

नशामुक्ति अभियान पर जागरूकता रैली

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नशामुक्ति अभियान को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने



जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। वहीं क्विज प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान की जानकारी देते हुए लोगों से नशे की आदत से दूर रहने की अपील की। नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे के कारण परिवार और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति से संबंधित जागरूकता बढ़ाई गई।

बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 27 नवंबर 2026 को झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बढ़दही में बाल विवाह



रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष अनुज कुमार एवं प्राधिकार के सचिव पवन कुमार के निर्देश पर आयोजित शिविर में पीएलवी सह अधिकार मित्र यदुनाथ सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने की अपील की गई। साथ ही बाल विवाह की जानकारी मिलने पर नजदीकी पुलिस थाना, बाल कल्याण समिति अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा को

बाल विवाह मुक्त गोड्डा बनाने को लेकर कार्यशाला आयोजित

गोड्डा। अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यशाला सह बैठक आयोजित



की गई। इसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विस्पुते श्री कांत यशवंत ने की।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाल विवाह बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए गंभीर बाधा है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, पुलिस प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं गैर-सरकारी संगठनों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, ग्राम सभा और विद्यालयों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। साथ ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल हस्तक्षेप कर इसे रोकने और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विद्यालय छोड़ चुकी बालिकाओं को दोबारा शिक्षा से जोड़ने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात भी कही गई।कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने गोड्डा को पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त बनाने तथा बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया। मौके पर समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों सहित साथी और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भगवान कार्तिक की ढोल-नगाड़ों के साथ निकली विसर्जन यात्रा

हनवारा प्रतिनिधि। महागामा प्रखंड क्षेत्र के हनवारा में शुक्रवार को भगवान कार्तिक की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कई दिनों तक पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भगवान कार्तिक को



विदाई दी। इस मौके पर ढोल-नगाड़ों और बाजे-गाजे के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और श्रद्धालु शामिल हुए।विसर्जन यात्रा हनवारा बाजार से शुरू होकर मिल्की चौक होते हुए मिल्की गांव के रास्ते गेरुआ नदी पहुंची। इस दौरान भगवान कार्तिक के जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर दस्तावेजों के सत्यापन

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर नाला प्रखंड कार्यालय के सभागार में दस्तावेजों के सत्यापन का अंतिम चरण जारी है। यहां पेशकार टीम के सदस्यों एवं निर्वाचन कर्मियों



द्वारा छूटे हुए मतदाताओं के आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है।इस संबंध में पेशकार टीम के सदस्यों ने बताया कि पंचायत स्तर पर जिन मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पाया है, उनके आवेदन फॉर्म एवं संबंधित कागजात बीएलओ द्वारा प्रखंड कार्यालय में जमा कराए गए हैं। इन्हीं दस्तावेजों की जांच कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों द्वारा नए मतदाताओं के नामांकन से संबंधित चेकलिस्ट का भी सत्यापन किया जा रहा है।

महिला कुश्ती प्रतियोगिता रविवार को

गोड्डा। जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में पंडित रणजीत झा स्मृति महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 29 नवंबर को सुबह 11 बजे से स्थानीय गांधी मैदान स्थित इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए गोड्डा जिला कुश्ती संघ की सचिव अर्पणा कुमारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित महिला पहलवान विभिन्न आयु एवं भार वर्ग में 4 से 7 दिसंबर तक रांची में प्रस्तावित राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में गोड्डा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सचिवालय से इंवर्टर और बैट्री की चोरी

मेहरमा। प्रखंड सह ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के मालप्रतापपुर पंचायत सचिवालय में बीते रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। अज्ञात चोरों ने रात की अंधेरा का फायदा उठाकर सचिवालय में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहां से बैटरी, इनवर्टर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। खास बात यह है कि चोरों ने सीसीटीवी का हार्ड डिस्क भी चुरा लिया।

खबरों में सच्चाई को प्राथमिकता दे मीडिया : एसडीओ



जामताड़ा। खबरों की होड़ में तथ्यों और निष्पक्षता से समझौता नहीं होना चाहिए। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज को सही जानकारी देना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। इसी संदेश के साथ शुक्रवार को सूचना भवन, जामताड़ा में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर परिचर्चा आयोजित की गई। जिला जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने की।इस वर्ष की थीम 'जिम्मेदार पत्रकारिता' पर चर्चा करते हुए एसडीओ अनंत कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। आज के दौर में सनसनीखेज और लोकलुभावन खबरों के बजाय तथ्य आधारित, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय पत्रकारिता समय की मांग है। जिम्मेदार मीडिया समाज को सही दिशा दिखाने के साथ प्रशासन और जनता के बीच भरोसे का रिश्ता भी मजबूत करता है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मीडिया को प्रशासन और आम लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

भारत पाकिस्तान सीमा़ रेय तो़यनाता मो़ड़ेंयाक् एस-400 सिस्टम,

नावां दिल्ली। भारत दो़ आयाक् पश्चिमी सीमा़, खासकाते ज मू कश्मीर रे नियंत्रण रेखा एलओसी रे सुरक्षा ला़गित् अभूतपूर्व केटेच् एमावाक् सापड़ाव रेय धुरा़उ आकाना। नोआ ओ़काते रे भारतीय वायुसेना दो़ पाकिस्तान सांव साटाव 740 किलोमीटर जेलेञ एलओसी रे आयाक् मो़ड़ेंयाक् एस-400 ट्राय फ एयर डिफेंस सिस्टमए तो़यनात ला़गित्। दाराय चान्दो, भारतीय वायुसेना रेन चेतानता़री टीम सिस्टम रेन प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन ला़गित् रूस रेको दाडांया, नोआ तो़यनाती दो़ फरवरी 2027 धा़बिच् पुरा़वक् रेयाक् आस मेनाक्आ। नोआ जारूड़ानाक् पोंथा पाकिस्तान आर चीन होतेते आयाक् सैन्य दाड़ेको बाढ़ाव रेयाक् पृष्ठभूमि रे कुकलीए राकाप्एत् काना। रिपोर्ट लेकाते, चीन 2027 धा़बिच्ते पाकिस्तान मो़ड़ेंयाक् पीढ़ी रेयाक् जे-35 लड़ाकू विमान ए एम दाड़ेवाया। नोंआ रेयाक् जोबाब रे, भारत दो़ लंबी दूरी रेयाक् हा़थियार आर लोइटरिंग यूनिशन विकसित आर किरिञ रेयाक् योजनाय बेनावेत् काना, जेमो़न चीन रेयाक् पीएल-15 ईलंबी दूरी रेयाक् मिसाइलको आर एचक्यू 9 बीई एयर डिफेंस सिस्टम रेयाक् प्रभावी ढो़ंग ते मुकाबला दाड़ेयाक्। ऑपरेशन सिंदूर ओ़काते पाकिस्तानी वायुसेना दो़ चीनी जे-10 लड़ाकू विमानको आर स्वीडिश अवाक्स गो़ड़ों ते पासेच् 200 किलोमीटर रेंजआनाक् पीएल-15 ई मिसाइलको बेबो़हार लाक्आ, ओकादो़ नोआ खातरा रेयाक् गंभीरतेत्ए उदुक्एत् काना। पाकिस्तान रेयाक् सैन्य शक्ति चीन आर तुर्किये लागातार बाढ़ावेत् काना। चीन दो़ पाकिस्तन 8 हैंगोर क्लास पनडुब्बियकोय आ़खरिजेत् काना, नोआ रेयाक् दाम 5 अरब डॉलर खो़न जा़सती गेया, नोआ रे खो़न मित्टेन पनडुब्बी दो़ जून 2026 धा़बिच् पाकिस्तानी नौसेना रे सेलेत् होय चुकाउ आकाना। एस-400 ट्राय फ रूस होतेते विकसित आकान मित् आडी मों़ज उन्नत मिसाइल सिस्टम काना, ओकादो़ 2007 रेको लांच लेदा। भारत ठेन निहा़ली रे एस-400 रेयाक् पेया ऑपरेशन स्काड़न तो़यनात मेनाक्आ। पाहिलाक् स्काड़न दो़ 2021 रे पंजाब रे, दोसाराक् दो़ जुलाई 2022 रे सिक्किम (चीन सीमा़ रे) आर तेसाराक् दो़ फरवरी 2023 रे राजस्थान-गुजरात से पंबाज-राजस्थान सीमा़ रे तो़यनात लेना, ओकादो़ पश्चिमी सीमा़ सुरक्षाय केटेच्एत् काना। एस-400 सिस्टम रेयाक् दाड़े रेयाक् पोरमान दो़ ऑपरेशन सिंदूर ओ़काते जाम लेना आर भारतीय वायुसेनावाक् एस-400 दो़ पाकिस्तान भितरी 314 किलोमीटर सांगिञ रे उड़ाक् कान मित् पाकिस्तानी सैन्य विमान मों़जतेगे मार जुरहा़ लेदा। एस-400 दो़ खातराय ट्रैक केदा आर जेलेञ दूरी रेयाक् ओ़त खो़न होय रे मार दाड़ेयाक्आक् मिसाइल निर्देशित तुलुच् पाकिस्तानी विमान रे अचूक निशा़नाए लागाव केदा।

पाकुड़ जिला़ रे बेगो़र ग्रामसभा ते सरकारी योजना ओड़ाक् बेनाव ओचोय रेको आरो़प केदा, आतो होड़ दो़ डीडीसी ठेन निष्पक्ष जांच रेयाक्को खो़ज केदा



पाकुड़। जिला़ रेयाक् महेशपुर प्रखंड ता़री रेयाक् पोखरिया पंचायत रे मेनाक् पकड़ीपाड़ा आतो रे आतो होड़ दो़ ग्रामसभा रेयाक् अनुमति, दुपुडुप् आर हेंक् मानाव रेयाक् प्रक्रिया पालो़न बेगो़र ते सरकारी योजना होते धुमकुड़िया ओड़ाक्, कुड़ा कचरा ओड़ाक्, आंगनबाड़ी ओड़ाक् बेनावको एहो़प् ओचोय बाबो़त रे उप विकास आयुक्त पाकुड़ ठेन ओ़ल आरदास एमकाते निष्पक्ष जांच जारूड़तेयाक् कुड़पाड़को खोज आकादा। आतो होड़ाक् आरो़प काना जे बेनाक् का़मी बाबो़त रे ग्रामसभा दुपुडुप् बाको होय ओचोलेदा आर बाङ दो़ योजना, ठां़व आर बेनाक् का़मी ला़गित् ग्रामसभा रे चारचा, प्रस्ताव, विचार विमर्श आर हेंक् मानाव धाराको आपनारआकादा। एनकातेगे बेनाव का़मीको एहो़प् आकादा। आरदास रे आतो होड़ दो़ नोआ होंको ला़ई आकादा जे बेनाक्कान ठां़व आडेपासे जोमाबंदी रायो़ताक् निजी जूमि मेनाक्आ आर प्रस्तावित ओड़ाक् धा़बिच् हिजुक् सेनो़क् ला़गित् लेकमान आर वैध मों़ज हो़र बेबो़सता पुसटा़उ बानुक्आ। नोडकान हालो़त रे भविष्य रे जूमि मामला, हो़र मामला आर आतोहो़ड़ाक् जूमि अधिकारको कांड़गोय रेयाक् सों़दहो़को सो़दो़र आकादा। आतोहो़ड़ दो़ आकोवाक् आरदास साकाम रे भारतीय संविधान रेयाक् अनुच्छेद 243ए, संविधान रेयाक् मो़ड़ेंयाक् अनुसूची, पंचायत अधिनियम, 1996 पेसा रेयाक् धाराको 4 ई आर 4 डी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 आर सरकारी योजनाको चालावबानाव, ठां़व बाछाव, प्रशासनिक आर तकनीकी स्वीकृति आर वित्तीय पारदर्शिता सांव जो़ड़ाव प्रावधानको ओ़ल तुलुच् जांच रेयाक्को खोज आकादा। आतोहो़ड़ दो़ प्रशासन ठेन नोवाकोको खोज दो़हो़ आकादा-ओड़ाक् बेनाक्कान का़मी ठां़व बाछाव रेयाक् निष्पक्ष जांच होयोक् मा। ग्रामसभा रेयाक् दुपुडुप्, प्रस्ताव, हेंक् मानाव आर योजना स्वीकृति बाबो़त अभिलेखको जांच होयोक् मा। बेनाक् ठां़व सोरकोरे जमाबंदी रायो़ताक् जूमि आर ओड़ाक् धा़बिच् हिजुक् हो़र रेयाक् हालो़तको जांच होयोक् मा। जांच पुरा़उ पुरा़उ आर कानूनी प्रक्रिया पुसटा़वक् धा़बिच् बेनाव का़मी रोकाव ला़गित् लेक मुचा़त् हुकुम रे विचार होयोक् मा। योजना रेयाक् प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, प्राक्कलन टाका, कार्यादेश, सरकारी पोयसा बेबो़हार रेयाक् जांच होयोक् मा। जुदि सरकारी टाका रेयाक् आउड़ीबेबोहार, नियाम कांड़गोय आरसे दुसीको सेलेत् आकान पोरमानो़क् काना, तो़बे जो़नो़ड़ावाकान हो़ड़को आर पदाधिकारीको बिरूद रे नियाम लेकाते कुड़पाड़ होयोक् मा। आतो होड़ दो़को मेन केदा जे ग्रामसभा रेयाक् लोकतांत्रिक प्रक्रिया, रायो़त जूमि रेयाक् सुरक्षा आर सरकार पोयसा रेयाक् बेबो़हाराक् प्रशासनाक् जि मेदारी काना। आतोहो़ड़ दो़ प्रशासन ठेन मामला गाहिरते मो़नेयाक् जेल तुलुच् निष्पक्ष जांच आर लेकमान कुड़पाड़ ला़गित्को आरोज आकाना। नोआ ताक रे राली किस्कू, सविना किस्कू, सकल हे ब्रम, बाहाफुल बास्के, छुतार मुर्मू, मातल मुर्मू, साईमन मुर्मू, सुरेश मुर्मू, स्टेला सोरेन, शिवराज बास्के एमान आतोहो़ड़को ताहेंकाना।

बीएफसीएल दो़ 16 गोटेच् मायजिव ब्यूटीशियन सिखिना़ते चेत् ओचोकोआ



मायजिव सिखिना़त एमावाकोआ।

रामगढ़। जिला़ रेन मायजिवको कौशल विकास दारायते निजटेहाड बेनाक् आर ओनको रोजगार रेयाक् नावां ओपसो़र सांवते जो़ड़ावको मो़तलो़ब ते बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड सेच् खो़न सीएचआर होते ब्यूटीशियन सिखिना़त का़मीहो़रा रेयाक् दोसार बैच एहो़प् एना। सोकोलवार हिलोक् सुभाष चौक रे मेनाक् जावेद हबीब सैलून रे ओराम का़मीहो़रा होतेते 16 गोटेच् रेन 16 गोटेच् ला़भुक मायजिवको सेलेत् आकाना। तुरूई चान्दो धा़बिच् चालाक्आक् नोआ सिखिना़त ओ़कते प्रतिभागीको ब्यूटीशियन सांव जो़ड़ाव जुदा़ जुदा़ व्यावहारिक आर तकनीकी कौशल चेत्आकोआ, जेमो़न सिखिना़त हामेट काते नोआ क्षेत्र रे रोजगार आर निजरोजगार ओपसो़रको सेंन्दरा दाड़ेयाक्। बीएफसीएल सेच् खो़न नोआ लाहा रेयाक् सिखिना़त का़मीहो़रा रेयाक् पाहिल बैच एहो़प् लेना। नित दोसार बैच एहो़प् सांवते कंपनी दो़ टोठरिया़ मायजिवको हुना़रआनाक् बेनावको आर का़डडी रूप ते निजरेटेहाड बेनावको पोंथा रे आयाक् सीएसआर पोंथाय लाहा बाढ़ाव आकादा। का़मीहो़रा रे बीएफसीएल रेन सीनियर जनरल मैनेजर राकेश गुप्ता, सीएसआर अधिकारी शुभम कुमार घालो़क् सीएसआर टीम रेन एटाक् आर रा़सिया़को ताहेंकाना।

खूंटी रेयाक् 300 गो़टेच् आतो बाल विवाह मुक्त बेनाव रेयाक् जो़स, 100 माहांकिया़ लाड़ावना रेयाक् एतो़हो़प्

खूंटी। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन माहां ओ़पसो़र रे जारूममाहां हिलोक् समाहरणालय रे मित् दुपुडुप् उपायुक्त मो. जावेद हुसैनाक् आ़युर रे ओरामेना। नोआ रे जिला रे गिदरा़ बापला चाबाय ला़गित् ते 100 माहांकिया़ लाड़ावना ता़री रे माराङ जागवार का़मीहो़रा चालाव आर आतो-डिह़ात टोठाको रे नोआ सेटेर ला़गित् ते का़मीपोन्था सापड़ाव आकाना। नोआ ताक रे उपायुक्त दो़ अधिकारीको का़टिच् उमा़र रे गिदरा़ बाङ बापलाको ला़गित्ए एकराड़ ओचो केत्कोआ आर जागवार गा़डी हारया़ड़ चिर उदुक् कातेय को़योक्गोत् कादा। दुपुडुप् रे लाड़ावना ता़री रे जिला रेयाक् 300 गो़टेच् आतो ह़ाबिच् नोआ पासनाव रेयाक् जो़सको दो़हो़ केदा। नोआ ला़गित् कुल्ही दुडुप् काते आतो दो़ गिदरा़ बापलाको खो़न रूखिया़य रेयाक् आरदास पारित, कोड़ा-कुड़ी गिदरा़को आर मायजीउ दो़लको सो़ंगे जागवार दुपुडुप् ओराम आर जनप्रतिनिधिको, धो़रो़म नेताको आर सोमाज रेन गा़खुड़िया़को सो़ंगे गापालमाराव रे जोरको एमावादा। सांवते ग्राम बाल संरक्षण समिति एक्टिव ला़गित् पो़न्थाको बेनाव केदा। उपायुक्त दो़ ओ़को़यको गिदरा़ उपार रे का़टिच् उमा़र रे बापलाको से पा़यका़रको लेकान जोखिम मांडरावो़क्काना, ओनको पाछनाव काते जारूड़ो़क्आक् गो़ड़ो़ बेबो़सतावाकोआ आर ओना सांव जो़ड़ाव विभागको सो़ंगे जोगाजो़ग ला़गित्ए बातलावात्कोआ। उनी दो़ स्कूलको आर सार्वजनिक जायगाको रे जागवार संदेस पासनाव सांवते गिदरा़को ओ़ल-पाड़हाक्, छात्रवृत्ति आर नाना-हुनार सरकारी योजनाको सो़ंगे जोड़ावको रे हों जोरे एमावादा। मायजीउ तेंगो़ केटेच्को आर स्कूल बा़गीयाकात् गिदरा़को रे बां़ड़ती धियान एमावाक् तुलुच् उपायुक्त दोय मेन केदा जे मिला़उ ते कुरूमुटूय आनेच् गे गिदरा़ बापलाको लेकान बा़पुड़िच् चो़लो़न दो़ चाबा दाड़ेयाक्आ। नोआ लाड़ावना जितका़र ओचोय ला़गित् जागवार सांव-सांवते सोमाजाक् कुरूमुटू हों आ़डी लाकती गेया। दुपुडुप् रे सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सांवते नोआ सांव जोड़ाव अधिकारीको बाङ बाडाय दाड़ेयाक् काना। ला़येत् कानाको जे कैलाश कुमार घांसी पारो़मेन पे बो़छो़र खो़न विशाखापट्टनम रे ताहेंकाते का़मीयेत् ताहेंना। घारो़ंज रेनाक् का़डडी हालो़त बेसता़र आर रोजी रोटी कामाव ला़गित् ओड़ाक् खो़न फाराक सा़गिञरेय का़मीयेत् ताहेंना। गो़चूएन रेन चाचा रूपचंद घांसी दो़ टोठरिया़ ठेकेदार आर जो़नो़ड़ाव कंपनी ठेन लेकमान मुआवजाय खो़ज आकादा। घो़टो़ना बाडाय केत् रे बाहरेका़मीकोवाक् भा़लाई रे का़मीयको समाज सेवी सिकंदर अली गो़चूएन घारो़ंज रेय सेटेरेना। उनी दो़ घारो़ंज रेन सांवतेय जापाम काते घो़टो़ना रेयाक् जानकारीय कुली केत्कोआ आर दुख ओ़कते रे होयदाड़ेयाक्आक् गो़ड़ो़ंक्ए ला़यात्कोआ।

दिल्ली-बिहार ताला रे अंतर्राज्यीय बस सेवा एहो़प् एना, बस सेवाये ह़ारियाड़ चिरे हुरला़वादा सिरा़मंत्री



नावां दिल्ली। दिल्ली आर बिहार ताला रे अंतर्राज्यीय परिवहन बेबो़सता दो़ मो़ज ते चालाव बेनाव आर केटेज ला़गित् पासटा रे जारूममाहां हिलोक् मो़होतानाक उपाई होयेना। सिरा़मंत्री रेखा गुप्ता आक् सामाङ रे दिल्ली आर बिहार सरकार ताला रे 18 गो़टेच् सो़ड़ो़क रे ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट मुचा़त् एना। नोआ एमओयू दाराय ते बानार पो़नो़त ताला रे नापाय ते अंतर्राज्यीय बस सेवाकिन फायलावा, नोआ ते का़मीहो़ड़ आर एमान तेन सांगा़ड़िया़को दो़ बारो़मास पुरा़ मो़ज ते बसको रेयाक् सुबिसताको जाम दाड़ेया़क्आ। नोआ ताक रे दिल्ली रेन सिरा़मंत्री दो़ कश्मीरी गेट रे मेनाक् महाराणा प्रताप अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) खो़न दिल्ली-बिहार अंतर्राज्यीय बस सेवा ह़ारियाड़ चिर हुरला़वान तेय मो़हण्डा केदा। नोआ मो़हो़तानाक् का़मीहो़रा रे बिहार रेन परिवहन मंत्री दामोदर रावत, दिल्ली रेन परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ताकिन लाई ते बानार पो़नो़त रे गा़खुड़ अधिकारीको सेटेर आकान ताहेंना। सिरा़मंत्री रेखा गुप्ता दोय मेन केदा जे तेहें दो़ दिल्ली आर बिहार ला़गित् ते आडी रा़सका़ रेयाक् दिन काना। बानार पो़नो़त सरकार ताला रे होयोन ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट लेका ते दिल्ली सरकार रेन परिवहन विभाग दो़ बिहार सरकार 18 गो़टेच् अंतर्राज्यीय सो़ड़ो़क रे बस मो़ज ते चालाव बेनाव ला़गित् ते 216 गोटेच् परमिटे एमावादेया। नोआको सो़ड़ो़क रे दिल्ली खो़न बिहार रेयाक् जुदा़-जुदा़ बाजार ह़ाबिच् बसकिन चालावा। दिल्ली रेन परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिहं दोय मेन केदा जे नोआ सुबिसता ते दिल्ली रेको ताहेंनो़क्कान आर का़मीकान होड़ बिहार आर पूर्वांचल रेन मोटामुटी 15 खो़न 20 लाख होड़को हिजुक-सेनो़क् रे आडी सुबिसताको ामा। आसो़काय ते छठ, दीपावली आर दिबी लेकान पो़रो़ब ताक रे आडी जा़यती भिड़ो़क्कान ख़ातिर ते आपनार ओड़ाक् चालाक् ताक रे होयोक्कान मुसकिलाक् ओनाको खो़न आडी सुबिसताको जामा। उनी दोय मेन केदा जे सांगा़ड़िया़कोवाक् खो़ज आर जारूड़ पाड़ा रेन लेका ते दारायकान दिर रे बस रेयाक् लेखाको बाड़हावा।

रबी कार्यशाला रे चा़सीको ला़यात्कोआ नाहांक् जुग रेयाक् चास धारा

पलामू। कृषि विभागाक् कुरूमुटू ते जारूममाहां हिलोक् मेदिनीनगर रेयाक् टाउन हॉल रे जिला स्तरीय रबी कार्यशाला सांवते 'खेत बचाओ अभियान' को ओराम केदा। का़मीहो़रा रेयाक् एतो़हो़प् दो़ उप विकास आयुक्त सादात अनवर आर जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार सांवते एमान पेड़को हो़तेते होय एना। नोआ ओ़पसो़र रे पशुपालन, मत्स्य आरसहकारिता विभाग रेन पदाधिकारीय सेटेराकान ताहेंकाना।

कुना़मी रे आपाम



- रघुनाथ हाँसदाः 'चिलबिन्था'

सोहराय कुना़मी रे जेपेल जापाम,
साखी दो़ लुगु बुरू बोंगा बुरूको गे।
तिति सापाप् काते जांगा लाफाव एन,
ताड़ाम हो़र रे दारे नां़ड़ी हेमाल उमुल।
मोने रेनाङ कुकमु साँवते सुतुक् काते,
काथालाङ एपेम काना जिवेत् जिबोन साँवते ताहेंन।

सिता़नाला दाक् ताला रे पेरेच् सुपाड़ी रे,
काथालाङ चापाल काना लुगुबाबा लुगुआयो लेका।
सिता़नाला झारना लेका जियाड़ ताहेनमा,
मो़ने रे तिस हों आलो तापुक्को़क्मा मारे सेयालोम।
दो़रबार चाटा़नी लेका पासानको़क्मा जिवी रे,
लुगु लुमाङ लेका घारो़ंज तो़ल ताहेंन मा।
हिसित् हो़य ते हिसका़ हो़लोङ ओटाडको़क्मा,
ताड़ाम हो़र रे आटेत् ताहेनमा बीर बाहा।
जिन्दा़ आंगाक् काना चलोलाङ लाहा चालाक्,
ताड़ाम-ताड़ाम तेहों आदो़ बालाङ लागाक्।

रोहित शर्मा दो़ड़हा तेय बेनावेना मुंबई इंडियंस रेन कप्तान, इञ पुरा़ साप् सापड़ा मिना़या़

मुंबई। गा़खुड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा दो़ जारूममाहां हिलोक् इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 सीजन खो़न माड़ाङ, पे बो़छो़र तायो़म दो़ड़हा ते मुंबई इंडियंस रेन कप्तानको बेनाव केदेया। रोहिताक् कप्तान रे मुंबई दो़ मो़ड़े धाव ते आईपीएल सिरपा़ये हामेट आकादा, नित दो़ हार्दिक पांड्या बो़दो़ल तेय खिलोडा। हार्दिक पांड्या दो़ मित्टेन टेञ्ड खा़तिर ते पंजाब किंग्स टीम रेय सेलेत् एना, नोआ रे ता़पिस बॉलर अर्शदीप सिंह हों सेलेत् मेनाया। मुंबई-इंडियंस सेच् खो़न मित्टेन प्रेस कॉन्फ्रेंस रे रोहिते मेन केदा जे इञ आईपीएल रेयाक् 20 धावाक् सीजन ला़गित् ते साप्-सापड़ाव मेनाया। दारायकान मुसकिलाक्को जेल दाराम आर मित्टेन खिलाड़ी लेका ते टीम रे सेलेदो़क् दो़ इञ पा़हिल रे धियान तुलुच् क्रिकेट खिलोड, मित्टेन टीम रे सेलेदो़क् ला़गित् आर मो़ज खिलोड गे मेन काना। रोहित दो़ 2013 सेरमा रे मुंबई इंडियंस रेन कसाने बेनावलेन ताहेंना, उनी दो़ आईपीएल 2023 सेरमा तायो़म कसानी खो़नको आचोक् लेदे ताहेंना आर उनीयाक् जायगा रे हार्दिक पांड्या कसानको बेनाव केदेया।

गिरिडीह रेन बाहरेदिसा़म का़मीहो़ड़ विशाखापटनम रेय गो़च् एना

गिरिडीह। जिला़ रेयाक् बगोदर थाना टोठा रे मेनाक् बेको हरिजन टोला रेन सुकर घांसी रेन 22 उमा़र रेन कोड़ा कैलाश कुमार घांसी दो़ विशाखापट्टनम रे दिगधा़ हालो़त रेय गो़च् एना। उनीय गो़च्एन काथा बाडाय सांवते गे घारो़ंज रेनको दुख भाबना आकाना। घारो़ंज रेन ठेन बाडायाकान लेकाते, कैलाशकुमार दो़ पारो़मेन सोमवार हिलोक् खो़न आत् आकान ताहेंना। घारो़ंज रेन आर उपरूम हो़ड़ दो़ उनीको सेंन्दरायेदे ताहेंना। लुखीवार जुहुम उनीयाक् मांड़ीं दिगधा़ हालो़त रे जाम एना। घो़टो़ना काथा दो़ टोठरिया़ पुलिस ठेनको ला़ई आकावात्कोआ, इना़ तायो़म पुलिस दो़ मांड़ीं काबजा काते पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल केदा। निहा़ली गो़च्एन रेयाक् कारो़न

सोना रेयाक् भाव 25 दिन रे 17,000 टाका फेड एना



नावां दिल्ली। नवंबर चान्दो सोना रेन निवेशकको आर किक्रिञ होड़ ला़गित् आडी माराङ झटका बाडखान आडी मों़ज ताक हेच् आकान लेका सोदो़राकाना। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) रे पारो़मेन 25 दिन रे सोना रेयाक् दाम दो़ मोटामुटी 17,000 टाका प्रति ग्राम को़म आकाना, ओका दो़ 12 फीसदी खो़न जा़सती गेया। आर से नो़ते, आपनार जनवरी रेयाक् रिकॉर्ड स्तर ते नोआ दो़ 31 फीसदी रापुत् काते 55,000 टाका खो़न जा़सती सासतावाकाना। आंकड़ा लेकाते 30, अक्टूबर हिलोक् 1,33,485 टाका रे बों़द एना आर सेना दो़ 26 नवंबर हिलोक् 1,21,478 टाका ह़ाबिच् फेड लेना। मेताक्मे एकेन 25 दिन रेयाक् कारोबारी रे नोआ रेयाक् दाम दो़ 17,000 टाका खो़न जा़सती घाटाव आकाना। 25 नवंबर हिलोक् सेताक् नोआ दो़ 1.20 लाख टाका प्रति 10 ग्राम खो़न हों लातार ते फेड आकान ताहेंकाना, ओका दो़ नित फेड आकान गे जेलो़क् काना। हें मेनखान, जारूममाहां हिंलोक् बाजार रे रौनक दो़ रूवा़ड़ हालायेना आर सोना-चान्दी रेयाक् दाम दो़ राकाप् रूवा़ड़ेन जेलेना। खो़बो़र ओ़ल ह़ाबिच् ते सोना दो़ 2,973 टाका बाड़हावेन सांवते 1,25,245 टाका प्रति 10 ग्राम रे कारोबार ताहेंकाना। चा़न्दी हों 8,339 टाका राकाप् काते 1,54,182 टाका प्रति किलोग्राम ते राकाप् आकान ताहेंकाना, ओनका रे निवेशक दो़ थो़ड़ाको साहेंत् रूवा़ड़ केदा।

तिलक दो़य ला़ई केदा एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 सेमीफाइनल रे हाराव रेयाक् ओ़जे

दोहा। भारतीय ए टीम रेन कप्तान तिलक वर्मा दो़ एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 रेयाक् पा़हिल सेमीफाइनल खिलोड रे श्रीलंका-ए टीम सांवते8 विकेट ते हारावेन तायो़मे मेन केदा जे आले रेन बॉलर दो़ निट लेन रणनीति लेका ते बाको चेका दाड़ेयाक् ख़ातिर ते बाले जितका़र दाड़ेयाक्दा। नोआ खिलोड रे भारत-ए टीम दो़ पा़हिल रे बल्लेबाज तुलुच् 50 ओवर रे 8 विकेट आउट कातेत् 317 रने बेनावलेत् ताहेंना, मेनखान श्रीलंका रेन टीम दो़ नोआ टारगेट पांजाय तुलुच् मो़ठे 41.3 ओवर रे 2 विकेट आउट कातेत् आलगा ते गेय जितका़र एना, नोआ इया़ ते भारतीय ए टीमाक् सिरपा़ हामेट रेयाक् कुकमु दो़ भां़गुड़ेना। मैच तायो़म तिलक दो़ टीम रे बल्लेबाज रणनीति आर पिच बाबो़त रे ला़ई केदा जे एहो़प् इनिग्स रे 10 ओवर रे 95 रेन बेनाव तायो़म डेऊसिंग रूम रे नोआ पा़तिया़उ ताहेंकान ताया जे 320 खो़न 330 रन स्कोर बेनाव बाङ आलगावा। उनीयाक् मेन लेका ते 20 ओवर रे बॉल दो़ बल्ले रे गे हिजुक्कान ताहेंना, नोआ इया़ते बल्लेबाज दो़ दाल ला़गित् तेको आलगायेना। मेनखान थो़ड़ाघा़ड़िच् विकेट टिका़उलेन ताहेंना, आदो़म बॉल दो़ डुप् कातेत् ता़पिस को़मो़क्कान ताहेंना आर लातार-लातार ते हिजुक्कान ताहेंना। कसान दो़ नोआ आंगो़च् केदा जे नोआ बो़नो़दो़ल ख़ातिर ते भारताक् तातले पेया मो़हो़तानाक् विकेट जुरेन ताया। नोआ इया़ते रन बेनाक् दो़ जिरा़वेना। मेनखान उनी दो़ तालार नंबर रे तनुज आर शाहबाज ताकिन आडी मो़जकिन खिलोडेन तेय साराहावकेत्किना़, नुकिन दो़ टीम 317 रन रेयाक् स्कोरकिन बेनावादेया। श्रीलंका रेन बल्लेबाज दो़ भारत रेन बॉलराक् बॉल पुराको दाल केत्ताकोआ एतो़हो़प् ओवर खो़न गे मित् घा़ड़िच् ते

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
अधीक्षक मंडल कारा, गोड्डा
e-mail - dj-godda@jharkhandmail.gov.in, distjailgodda@gmail.com

अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना

1	कारा का नाम	मंडल कारा गोड्डा ।
2	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों हरी सब्जियों, आलु फल एवं अन्य विविद्य सामग्रियों के क्रय / आपूर्ति के निमित ई0 निविदा का आमंत्रण । **(प्रथम त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक 01.01.2027 से 31.03.2027 तक)**
3	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी ।	10,000 (दस हजार) मात्र ।
4	वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय ।	तिथि 06.12.2026 से 13.12.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
5	निविदा Online Upload करने की तिथि एंव समय	तिथि 06.12.2026 से 13.12.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
6	अग्रधन राषि (EMD) जमा करने की तिथि ।	तिथि 06.12.2026 से 13.12.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक। निविदा में अंकित सामग्रियों के कुल अनुमानित मूल्य का **3% (80,520/-)** झारखण्ड सरकार की वेबसाईट **https://jharkhandtenders.gov.in** पर केवल **Online** जमा करना होगा।
7	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियो का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि	तिथि 14.12.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8	निविदा के खुलने की तिथि / समय / स्थान	तिथि 15.12.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे अधीक्षक मंडल कारा, गोड्डा के कार्यालय कक्ष में।

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tenderके माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी ।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी ।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा गोड्डा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है । e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752से सम्पर्क किया जा सकता है ।

अधीक्षक
मंडल कारा, गोड्डा

PR 394657 Police(26-27).D

झारखण्ड सरकार
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना, (1st Call)

ई–निविदा प्रसंग संः–RCD/FSD/AP/DUM/05/2026-27 दिनांकः–26.11.2026

1.	कार्य का नाम	The Road Construction Department, Government of Jharkhand, through the Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Dumka, invites percentage-rate bids through e-procurement from eligible and approved contractors registered in Class III, Class II and Class I with the Road Construction Department (RCD) or Building Construction Department (BCD), Government of Jharkhand, **For Repair and Maintenance Work of the Office of The Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Dumka.**
2.	प्राक्कलित लागत	₹24,99,241.04
3.	निविदा प्रपत्र का मूल	₹10,000.00
4.	जमा की जानेवाली अग्रधन राशि (EMD)	₹50,000.00
5.	कार्य समाप्ति की अवधि	1 वर्ष
6.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	30.11.2026, 12.30 बजे अपराह्न
7.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	10.12.2026, 12.30 बजे अपराह्न तक
8.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	11.12.2026, 12.30 बजे अपराह्न
9.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।
10.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0	8292901787
11.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0	0651–2401010

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईटपर देखें :–http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका

PR 394679 Road(26-27)#D

कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर
(e-mail id: deogharmunicipality@yahoo.com)

पत्रांक 2564 / दिनांक 27.11.2026

–: आम सूचना :–

विषय :– बस पड़ाव के अतिरिक्त अन्यत्र बसों की पार्किंग पर प्रतिबंध, अनाधिकृत बस स्टॉप पर गाड़ियों को खड़े करने एवं यात्रियों को चढ़ाने–उतारने की व्यवस्था एवं उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई के संबंध में।

झारखंड नगरपालिका यातायात प्रबंधन विनियमावली, 2017 (अधिसूचना सं०–5/न०वि०वि०विनियम/74/2016–7776, दिनांक 19.12.2017) के प्रावधानों के आलोक में सर्व आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं संबंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि:

1. **बस पड़ाव [विनियम 2.26] :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अधिसूचित बस पड़ाव (ISBT) ही एकमात्र अधिसूचित बस पड़ाव है। निगम द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए गए स्थान ही अन्य बस पड़ाव मान्य होंगे।
2. **पार्किंग केवल बस पड़ाव में [विनियम 5.1 एवं 5.27.6] :** बसों का ठहराव (पार्किंग) केवल बस पड़ाव में ही किया जाएगा। निगम क्षेत्र में किसी अन्य सड़क, सार्वजनिक स्थल या खुले स्थान पर पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित है।
3. **बस स्टॉप [विनियम 5.27.6] :** बस पड़ाव से भिन्न बस स्टॉप निगम द्वारा ही अधिसूचित किए जाएंगे। बसें केवल ऐसे अधिसूचित बस स्टॉप पर ही गाड़ियों को चढ़ाने–उतारने हेतु रुक सकेंगी, पार्किंग हेतु नहीं। यह व्यवस्था आवश्यकतानुसार निगम द्वारा निर्धारित समय पर, यदि आवश्यक हुआ, अनुमान्य होगी।
4. **दंड [विनियम 5.27.7] :** बस पड़ाव के अतिरिक्त किसी सड़क, सार्वजनिक स्थल या खुले स्थान पर बस खड़ी पाए जा

दुमका : खनन माफियाओं पर कसेगा शिकंजा, डीसी और एसपी ने दिए छापेमारी व सीधा एफआईआर का आदेश



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । जिले में पत्थर, बालू और कोयले के अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन अब सख्त एक्शन मोड में आ गया है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें पिछली बैठकों के निर्देशों की समीक्षा करते हुए अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ आर-पार की कार्रवाई का खाका तैयार किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों और सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे संयुक्त टीम बनाकर संदिग्ध ठिकानों पर औचक छापेमारी करें। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्रों और खनिज ढुलाई वाले मार्गों पर चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही सभी चेकनाका पर नियमित सघन जांच अभियान चलाने और किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। कानूनी शिकंजा कसते हुए पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन और परिवहन को हर हाल में रोकने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिया कि अवैध खनिज ढुलाई में पकड़े जाने वाले वाहनों को तुरंत जब्त किया जाए और बिना किसी देरी के प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने अंत में सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ लगातार अभियान चलाने को कहा, ताकि जिले की खनिज संपदा के अवैध दोहन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

नशे के सौदागरों का 1933 पर सूचना देने पर मिलेगा इनाम

दुमका। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और इसके दुरुपयोग को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला एनसीओआरडी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठकों के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और नशे के कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए संबंधित विभागों को कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने युवाओं को नशे की लत से बचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्कूल और कॉलेजों जैसे शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री वाले हॉट-स्पॉट की पहचान करने को कहा है। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे क्षेत्रों में सक्रिय तस्करों और पेडलरों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने जिले में अफीम की संभावित अवैध खेती को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। उपायुक्त ने संदिग्ध इलाकों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही एनडीपीएस मामलों में केवल गिरफ्तारी तक सीमित न रहकर तस्करों की संपत्ति और वित्तीय लेन-देन की भी जांच करने को कहा गया है। जब्त किए गए मादक पदार्थों को नियमों के तहत जल्द नष्ट करने के भी निर्देश दिए गए। नशे के खिलाफ इस लड़ाई को दीर्घकालिक बनाने के लिए वर्ष 2026 से 2029 तक का तीन वर्षीय जिला स्तरीय रोडमैप तैयार किया जाएगा। सभी विभागों को अपनी-अपनी कार्ययोजना सौंपने और जन-जागरूकता अभियानों को और तेज करने को कहा गया है। प्रशासन ने इस मुहिम में आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। यदि किसी व्यक्ति को मादक पदार्थों की तस्करी या अवैध बिक्री की कोई जानकारी मिलती है, तो वह मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर इसकी सूचना दे सकता है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सटीक जानकारी देने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

दुमका में जाम से निजात दिलाने को लागू होगी ऑड-ईवन पार्किंग व्यवस्था

शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से होगी सख्त जांच

संवाददाता

दुमका । जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने पिछले निर्देशों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सड़क सुरक्षा के नियमों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया।

ब्लैक स्पॉट पर लगेंगे ब्रेकर और सुधरेंगी क्षतिग्रस्त सड़कें

उपायुक्त ने जिले के सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों यानी ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर वहां सड़क की स्थिति को तत्काल दुरुस्त करने को कहा है। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के साथ-साथ दुर्घटना संभावित स्थानों पर रंबल स्ट्रिप और आवश्यकतानुसार ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में यातायात के दबाव को कम करने के लिए डिवाइडर निर्माण के कार्यों को जल्द पूरा करने की हिदायत दी गई।

शहर में जाम खत्म करने के लिए ऑड-ईवन पार्किंग की पहल

दुमका शहरी क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर बेतरतीब पार्किंग से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन एक नई पहल करने जा रहा है। उपायुक्त ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों को ऐसे उपयुक्त स्थलों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है, जहां ऑड-ईवन व्यवस्था के तहत वाहन पार्क किए जा सकें। इस व्यवस्था के लागू होने पर सोमवार को सड़क के एक तरफ और मंगलवार को दूसरी तरफ वाहनों की पार्किंग होगी, जिससे आवागमन के लिए सड़क पर पर्याप्त जगह मिल सकेगी।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कसेगा शिकंजा, स्कूल बसों की होगी जांच

सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उपायुक्त ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ जांच अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। साथ ही नियमित वाहन चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा विभाग को सभी स्कूल बसों की नियमित जांच करने और सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों और प्रभावित परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अस्पतालों में नेक नागरिक योजना की जानकारी प्रदर्शित करने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि आम लोग बिना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आ सकें।

एसकेएमयू इंटर कॉलेज एथलेटिक्स के लिए टीम चयनित

दुमका। सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली आगामी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026-27 में एस. पी. कॉलेज, दुमका का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज महाविद्यालय परिसर में भव्य चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल के दौरान विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेने पहुंचे छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक क्षमता और दमखम का प्रदर्शन किया। कड़े मूल्यांकन के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन महाविद्यालय की टीम के लिए किया गया। चयन ट्रायल की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. पी. यादव ने की। मैदान पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे जीवनोपयोगी गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर कार्यक्रम

दुमका। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत दुमका एवं जनमत युवा क्लब के सहयोग से लाल बहादुर शास्त्री स्कूल, दुमका में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेरा युवा भारत की ओर से सौम्या श्री ने उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है और इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना आवश्यक है। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या दीप्ति कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक रहने एवं इसे रोकने में सहयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।

बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर जागरूकता रथ रवाना

दुमका । अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस तथा 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं चाइल्डलाइन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से उपलब्ध कराए गए 8 'बाल विवाह मुक्ति रथों' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैनर, पोस्टर,और ऑडियो-विजुअल संदेशों से सुसज्जित ये आठों जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, हाट-बाजारों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। इनका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों, ग्राम प्रधानों और युवाओं को कम उम्र में शादी से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना है।

बाल विवाह के खिलाफ सरैयाहाट में चलेगा अभियान

सरैयाहाट। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सरैयाहाट प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीडीओ राहुल कुमार शानू ने सरकारी कर्मियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और प्रखंड क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वयंसेवी संस्था ग्राम ज्योति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए ग्रामीणों, महिलाओं और किशोरियों की भागीदारी जरूरी है। इसके लिए मशाल जुलूस, प्रभात फेरी और जागरूकता रैली आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ने की अपील की। साथ ही बाल विवाह की जानकारी मिलने पर प्रशासन, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या आपातकालीन सेवा 112 को सूचना देने की बात कही।

दो विद्यालयों में 60 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच, 13 रेफर

मसलिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया की ओर से शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गड़द्वारा एवं प्राथमिक विद्यालय भूल में स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोनों विद्यालयों के कुल 60 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान आयुष चिकित्सक डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बच्चों की आंख, नाक, कान, गला, त्वचा एवं हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की। जांच के दौरान बच्चों में पाई गई सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए उन्हें आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। वहीं, जांच में 13 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति असामान्य पाए जाने पर उन्हें बेहतर जांच एवं उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया रेफर किया गया। चिकित्सक डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत बताई।

दस साल से बदहाल है सीतपहाड़ी-बसमत्ता सड़क गड्ढों में तब्दील हुआ एक किलोमीटर रास्ता

मसलिया। प्रखंड के सीतपहाड़ी गांव से बसमत्ता बैंक चौक तक जाने वाली करीब एक किलोमीटर सड़क की स्थिति बदहाल बनी हुई है। सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। स्थिति यह है कि लोगों को इस रास्ते से आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क की यह स्थिति पिछले 10 साल से अधिक समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। यह सड़क क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से बसमत्ता स्थित भारतीय स्टेट बैंक, मध्य विद्यालय गम्हरिया, लैम्प्स, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गम्हरिया और साहेबगंज-गोविंदपुर स्टेट हाईवे तक पहुंचा जाता है। इसके अलावा आसपास के गांवों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी सड़क से होकर प्लस टू उच्च विद्यालय पिंडारी जाते हैं। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों को गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं स्कूली बच्चों को भी रोजाना इसी बदहाल रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आम लोगों के साथ-साथ बैंक, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 12 वाहनों का काटा चालान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोपीकांदर। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को गोपीकांदर पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक और व्यवहार न्यायालय दुमका के निर्देश पर गोबिंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाइवे मुख्य सड़क पर थाना गेट के समीप यह जांच अभियान चलाया गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस पूरे अभियान का नेतृत्व गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने किया। पुलिस टीम ने मुख्य मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजातों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान वाहनों के रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ सुरक्षा मानकों जैसे दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और अधूरे कागजात के साथ वाहन चलाने वाले कुल 12 वाहन चालकों को दंडित करते हुए उनका ऑनलाइन चालान काटा गया। इसके साथ ही पुलिस ने चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी।

इस सघन वाहन चेकिंग अभियान को सफल बनाने में थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत के साथ एसआई धरमल मांझी, एएसआई राजन सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह सहित थाना के अन्य पुलिस जवान सक्रिय रूप से तैनात रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

बाल विवाह मुक्त भारत के लिए निकाली प्रभात फेरी

जरमुंडी। जरमुंडी प्रखंड स्थित अदिथि संस्था द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आई किशोरियों व परियोजना कर्मियों द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली जरमुंडी अदिथि कार्यालय से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए मुख्य बाजार और विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान किशोरियों ने बैनर-पोस्टर व नारों के साथ बाल विवाह व जबरन विवाह के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की। किशोरियों ने संगठित होकर कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चियों के भविष्य, शिक्षा व स्वास्थ्य को भी बर्बाद करता है। इसलिए इसे हर हाल में रोकना होगा। कार्यक्रम का मुख्य संदेश वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना रहा। रैली में शामिल किशोरियों ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो उसकी जानकारी तुरंत प्रशासन व संस्था को दें। कार्यक्रम में अदिथि प्रोजेक्ट इंचार्ज कुमारी दीपाली, सीसी रिंकी कुमारी, लेलुन देवी, सोनामुनी मरांडी, मौसम कुमारी व ब्लॉक मोबिलाइजर विवेकानंद पाठक सहित प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से आई बड़ी संख्या में किशोरियां व परियोजना कर्मी उपस्थित थे।

सेवा परमो धर्म : महामंत्र लेकर बासुकीनाथ नपं में मोक्ष वाहन सेवा धरातल पर उतरने को तैयार

जरमुंडी। बासुकीनाथ नगर पंचायत में परमार्थ सेवा को सर्वोपरि मानकर जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से मोक्ष वाहन सेवा की शुरुआत जल्द होनेवाली है। इस संदर्भ में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अक्टूबर माह में आयोजित नगर पंचायत बासुकीनाथ के बोर्ड की बैठक में उपाध्यक्ष रोहित कुमार राउत ने क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए मोक्ष वाहन (शव वाहन) उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा था। इस संवेदनशील और जनोपयोगी प्रस्ताव को नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभी वार्ड पार्षदों का पूरा समर्थन मिला। अब सबों के सामूहिक प्रयास व सहयोग से यह सपना धरातल पर उतर चुका है। नगर पंचायत बासुकीनाथ को अपना मोक्ष वाहन प्राप्त हो गया है। यह उपलब्धि इस तथ्य का द्योतक है कि जब जनप्रतिनिधि जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते हैं और सबको साथ लेकर चलने का संकल्प लेते हैं, तो हर सकारात्मक बदलाव संभव हो जाता है। बहरहाल, इस नेक कार्य में अपेक्षित सहयोग के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं नगर पंचायत परिवार के प्रति नागरिकों ने आभार व्यक्त किया है।

देवघर एयरपोर्ट पर विमानन सुरक्षा सप्ताह का समापन, सुरक्षित संचालन पर जोर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। देवघर हवाई अड्डे पर 23 से 27 नवंबर तक आयोजित विमानन सुरक्षा सप्ताह 2026 का गुरुवार को समापन हुआ। पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने सुरक्षा निरीक्षण, प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाकर सुरक्षित विमानन संचालन पर जोर दिया।



भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के तहत आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत एयरपोर्ट रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग विभाग से हुई। इस दौरान अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण, आपातकालीन बचाव का प्रदर्शन और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल और कम्युनिकेशन, नेविगेशन एंड सर्विलांस विभागों ने भी सुरक्षा प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण दिया। विद्युत विभाग ने प्रतिष्ठानों और पावर सब-स्टेशन का निरीक्षण कर दुर्घटना रोकथाम के उपाय बताए। अंतिम दिन अधिकारियों ने एयरसाइड सुविधाओं का निरीक्षण किया। एप्रन पर फॉरेन ऑब्जेक्ट डेब्रिस वॉक और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

49 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

रात में खाना खाने के बाद बिगड़ी थी तबीयत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। संदिग्ध परिस्थिति में 49 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के बांका जिले के चांदन थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरा गांव निवासी संजीव यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रात में खाना खाने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसी दौरान उनके हाथ में फोड़े जैसी सूजन भी उभर आई।

इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए देवघर के सुभाष चौक स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां कुछ देर तक उपचार कराने के बाद उन्हें बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन के समीप एक त्वचा रोग विशेषज्ञ के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद दवा लिखी और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। शुक्रवार दोपहर परिजन उन्हें देवघर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बैद्यनाथधाम ओपी पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ में शैक्षणिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

संवाददाता

देवघर। रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, देवघर में शुक्रवार को चार दिवसीय द्विवार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शनी-2026 का शुभारंभ हुआ। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मौके पर एसपी प्रवीण पुष्कर, डीडीसी पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त सुलोचना मीना और एसडीओ रवि कुमार उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विद्यापीठ शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसी प्रदर्शनियां बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने, नवाचार को बढ़ावा देने और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने का बेहतर माध्यम हैं।

शिक्षक-अभिभावक बैठक में बच्चों की उपस्थिति पर जोर

सरैयाहाट। +2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय सरैयाहाट में शुक्रवार को विशेष शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ राहुल कुमार शानू उपस्थित रहे। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, प्रतिदिन लंच बॉक्स और पानी की बोतल साथ भेजने तथा न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वहीं, जिन विद्यार्थियों की अपार आईडी और पीईएन नंबर नहीं बने हैं, उनके अभिभावकों से सहमति लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने पर भी चर्चा हुई। दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों से भी विशेष संवाद किया गया। बैठक में नियमित रूप से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

एसकेएमयू स्नातक सेम-3 परीक्षा की तारीखें घोषित

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के छात्रों का इंतजार खत्म हो गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक सेमेस्टर-3 की परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में शैक्षणिक सत्र 2025-29 के नियमित विद्यार्थियों के साथ-साथ पूर्ववर्ती सत्रों (2022-26, 2023-27 और 2024-28) के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। जनसंपर्क निदेशक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक ये परीक्षाएं आगामी 19 दिसंबर 2026 से प्रारंभ होकर 16 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का संचालन प्रतिदिन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक निर्धारित है। हालांकि, एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स के पेपर की समय-सारणी में आंशिक बदलाव रहेगा। 11 जनवरी और 16 जनवरी 2027 को होने वाली AEC-3 की परीक्षा तीन घंटे के बजाय केवल डेढ़ घंटे की होगी, जिसके तहत पहली पाली सुबह 10:00 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:00 से 03:30 बजे तक चलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी विषयों को तीन समूहों (ग्रुप A, B और C) में बांटा है। कार्यक्रम के अनुसार, मेजर पेपर (MJ-3, MJ-4 और MJ-5) की परीक्षाएं 19 दिसंबर से 23 दिसंबर 2026 के बीच होंगी। क्रिसमस और नववर्ष के अवकाश के बाद 04 और 05 जनवरी 2027 को इलेक्टिव एवं माइनर पेपर, 06 और 07 जनवरी को मल्टी-डिसिप्लिनरी कोर्स तथा 08 और 09 जनवरी को स्किल एन्हांसमेंट कोर्स की परीक्षाएं ली जाएंगी। अंत में AEC-3 के तहत 11 जनवरी को हिंदी, फारसी, अंग्रेजी और उर्दू तथा 16 जनवरी को संताली, संस्कृत और बांग्ला विषय का इम्तिहान होगा।

अमन का तूफानी शतक, जूनियर कैंप ने लाज एकेडमी ए को 108 रनों से रौंदकर किया शानदार आगाज



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । जिला क्रिकेट संघ, दुमका के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट लीग ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में जूनियर कैंप की टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए लाज एकेडमी ए को 108 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी जूनियर कैंप की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 344 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अमन कुमार ठाकुर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 128 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उनका बखूबी साथ देते हुए विशाल राउत ने 51 रन और अंकुश राउत ने 50 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लाज एकेडमी ए की ओर से गेंदबाजी करते हुए समीर कुमार और ऋषि शर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए।

345 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाज एकेडमी ए की टीम निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 236 रन ही बना सकी। लाज एकेडमी की ओर से हर्षित सेन ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 66 रनों का योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने के कारण टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई। जूनियर कैंप की ओर से सुमित कुमार सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए और विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

मैच में 128 रनों की मैच विजयी शतकीय पारी खेलने के लिए जूनियर कैंप के अमन कुमार ठाकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें जिला क्रिकेट संघ, दुमका के कोषाध्यक्ष ललित पाठक ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उद्घाटन मैच के दौरान संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते दिखे। टूर्नामेंट के तहत शनिवार को गुरु जी क्लब और द जूनियर्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

एसकेएमयू के स्नातक सेमेस्टर-3 के लिए आज से भरे जाएंगे ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातक विद्यार्थियों के लिए परीक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी कर दी है। नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत स्नातक सेमेस्टर-3 (सत्र 2025-29) की परीक्षा-2026 के लिए कल यानी 28 नवंबर से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीलिमा लकड़ा ने इस संबंध में आधिकारिक सूचना (संख्या- 188/26) जारी की है। इस परीक्षा में सत्र 2025-29 के नियमित छात्रों के साथ-साथ पूर्व के सत्र 2024-28, 2023-27 और 2022-26 के संबंधित विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार छात्र बिना किसी विलंब शुल्क के 28 नवंबर से 09 दिसंबर 2026 तक अपना फॉर्म भर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुम